रोहतक
रविवार 1 मार्च 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 26
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.9
न्यून. 12.8

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



9 टी-20 वर्ल्डकप : 'करो या मरो' के मुकाबले में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा भारत




हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



ईरान पर ऑपरेशन 'सिंह की दहाड़'

# यूएस-इजराइल का हमला ईरान में 85 छात्राओं समेत 201 की मौत

इजराइल के पीएम नेतन्याहू बोले, खामेनेई के मारे जाने के संकेत, ईरान बोला, वे सुरक्षित

# अमेरिकी-इजराइली हमलों का ईरान ने दिया जवाब, 8 देशों पर दागीं 400 मिसाइलें

- इजराइल ने 10 शहरों पर हमला बोला, ईरान की राजधानी तेहरान, देजफुल और खार्ग द्वीप सहित कई शहरों को निशाना बनाया, भारी नुकसान
- खामेनेई के कार्यालय, खुफिया, रक्षा मंत्रालय व परमाणु ऊर्जा संगठन पर भी दागीं कई मिसाइलें सर्वोच्च नेता को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया
- इंडिगो व एयर इंडिया की उड़ानें स्थगित, तेल अवीव फ्लाइट मुंबई डायवर्ट की गई, भारत ने अलर्ट जारी किया, सुरक्षित स्थानों पर जाएं भारतीय

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका और इजराइल ने शनिवार की सुबह ईरान के खिलाफ एक संयुक्त सैन्य अभियान शुरू किया। इजराइल ने इसे 'ऑपरेशन रोरिंग लॉयन' और अमेरिकी पेंटागन ने इसे 'ऑपरेशन एपिक फरी' नाम दिया है। इस हमले का मुख्य उद्देश्य ईरान की परमाणु क्षमताओं को नष्ट करना और वहां सत्ता परिवर्तन की नींव रखना बताया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हमले के दौरान ईरान की राजधानी तेहरान, इस्फहान और कोम जैसे महत्वपूर्ण शहरों में भारी बमबारी की गई। खबरों के मुताबिक, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के कार्यालय और आवास के पास भी मिसाइलें गिरी हैं, हालांकि उनके सुरक्षित स्थान पर होने की सूचना है। हमले से ईरान में 201 लोगों की मौत हो गई, जबकि 747 लोग घायल हैं। वहीं, लड़कियों के स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हो गई। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की भी मौत हो गई। वहीं ईरान ने भी पलटवार करते हुए आठ देशों में अमेरिकी बेस पर 400 मिसाइलें दागीं। ईरान का दावा है कि बड़ी संख्या में अमेरिकी और इजराइली सैनिक मारे गए।

**ट्रंप का बड़ा ऐलान**
ईरानी परमाणु खतरे को खत्म करने के लिए शुरू किया सैन्य अभियान
●
सुप्रीम लीडर पर निशाना अयातुल्ला खामेनेई के आवास के पास धमाके, ईरान ने भी दिया जवाब

## ईरानी रक्षामंत्री अमीर और रिवॉल्यूशनरी गार्ड के कमांडर पाकपोर को मार गिराया



अमीर नासिरजादेह ईरानी रक्षामंत्री



मोहम्मद पाकपोर आईआरजीसी कमांडर

खाड़ी देशों ने बंद किया एयरस्पेस, तेल संकट गहराने की आशंका

### अमेरिका और इजराइल का संयुक्त ऑपरेशन

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। ये हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में ईरान पर हमले की धमकी दी थी। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

### मिसाइल प्रोग्राम रक्षा के लिए जरूरी : ईरान

ईरान का कहना है कि यह उसके बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम रक्षा के लिए जरूरी है। ईरान का कहना है कि जून 2025 में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु साइटों पर हमला किया, तब ईरान की मिसाइलों ने ही उसकी रक्षा की। ईरानी अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि मिसाइल कार्यक्रम पर कोई बात नहीं होगी।

### खामेनेई समेत उच्च अधिकारी सुरक्षित



ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और राष्ट्रपति मसूद पजेश्कियान जिंदा व सुरक्षित हैं। उन्होंने दावा किया कि लगभग सभी उच्च अधिकारी सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

### भारत ने जारी किया परामर्श

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले के बाद भारत ने शनिवार को इजराइल में रह रहे अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी करते हुए उन्हें ''अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने'' की सलाह दी है।

### यूएस-इजराइली हमले

**भारतीय** समयानुसार इजराइल और अमेरिका ने शनिवार सुबह 11.30 बजे ईरान पर एयर स्ट्राइक की और उसके दस शहरों तेहरान, अबिज, गांरडर्रेह, कोम, कर्मानशाह, खोरमाबाद, इस्फाहान, देजफुल, बुशेहर, और बंदर अब्बास को निशान बनाया। एक हमला ईरान के सुप्रीम लीडर आयातुल्लाह अली खामेनेई के दफ्तर के पास हुआ।

### ईरान का पलटवार

**इजराइल**ः तेल अवीव, हाइफा और अन्य शहर
**बहरीन**ः जुफैर नौसेना बेस, यूएस 5वीं फ्लीट मुख्यालय
**कतर**ः अल उदीद एयर बेस, **कुवैत**ः कैम्प अरिफजान, अहमद अल-जाबेर एयर बेस, मुबारक एयर बेस
**संयुक्त अरब अमीरात**ः अल धफरा एयर बेस, जेबेल अली पोर्ट, अल फुजैरा एयर बेस, **सऊदी अरब**ः रियाद में प्रिंस सुल्तान एयर बेस, ताबुक एयर बेस, खमीस मुशैत बेस, जेद्दाह में एक पश्चिमी बेस, **जॉर्डन**ः मुवाफ्फक सल्ती एयर बेस, **इराक**ः अरबिल में यूएस बेस

### ट्रंप ने दिखाए तेवर



**हम** ईरान को इस्लामिक नेतृत्व से आजाद करवाना चाहते हैं। देश की जनता शासन संभाले। ईरान हथियार डाले या मौत का रास्ता चुने। हम सुरक्षित दुनिया चाहते हैं। हमारा उद्देश्य ईरान के लोगों को आजादी मिले।
**-डोनाल्ड ट्रंप**, अमेरिकी राष्ट्रपति

### हमले का बदला लेंगे



**इस** हमले को बिना जवाब दिए नहीं छोड़ा जाएगा। हमले में निर्दोष बच्चे मारे गए है। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हम इसका बदला लेंगे। हर जिम्मेदार पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। हम अमेरिका और इजराइल को कड़ा सबक सिखाएंगे। **-अब्बास अराघची**, विदेश मंत्री ईरान

### सभी पक्ष संयम बरतें



**हम** सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव से बचने और आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करते हैं। तनाव कम करने और मूल मुद्दों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीतिक रास्ता अपनाया जाना चाहिए। हम ईरान और खाड़ी क्षेत्र में इन घटनाक्रमों से चिंतित हैं। **-रणधीर जायसवाल**, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

(विशेष पेज- 8 और 10 पर)

## खबर संक्षेप

### माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का पीएम ने किया उद्घाटन



**साणंद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर में अपनी ताकत के लिए पहचाने जाने के बाद अब देश हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान मजबूती से स्थापित कर रहा है। अमेरिका स्थित कंपनी के एटीएमपी संयंत्र का उद्घाटन भारत-अमेरिका के बीच गहरी साझेदारी को दर्शाता है।

पेज 7 भी देखें

### 15,000 करोड़ के जीएसटी घोटाले में बदमाश काबू



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल की नोएडा इकाई ने 15 हजार करोड़ रुपये के बहुचर्चित जीएसटी घोटाले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को हिसार से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी की पहचान हिसार निवासी बलदेव उर्फ बल्ली (38) के रूप में हुई है। भाषा

### 'एक्सपायरी डेट' बदलकर खाद्य पदार्थ बेचने वाले पकड़े



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो कथित तौर पर उपभोग/उपयोग की निर्धारित अवधि (एक्सपायरी डेट) समाप्त हो चुके खाद्य और सौंदर्य प्रसाधन उत्पादों में छेड़छाड़ कर एवं उन्हें ताजा बताकर खुले बाजार में बेच रहा था। ओमप्रकाश शर्मा पर आरोप है कि वह गैरकानूनी तरीके से ऐसा केंद्र चला रहा था, जहां निर्धारित तिथि समाप्त हो चुके उत्पादों को बेचा जा रहा था।




**रोहतक।** शायरी प्रस्तुत करते रणजीत सिंह चौहान, मंच पर मौजूद ओज के कवि डॉ. हरिओम पंवार, हास्य व्यंग्य के सुदीप भोला, हास्य रस के महेश गर्ग बेधड़क, गीतकार मुमताज नसीम और हरियाणवी हास्य के कवि मोहन दलाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि के 15वें कवि सम्मेलन में जमकर लगे ठहाके

# ओज और हास्य की रंगभरी शाम में सराबोर हुआ रोहतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ओज, हास्य व्यंग्य, हास्य रंग गीत और शायरी के रंग शनिवार की शाम महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगौर ऑडिटोरियम में घंटों तक बरसे। मौका था राष्ट्रीय दैनिक हरिभूमि 15वें कवि सम्मेलन का। होली के मौके पर करवाए गए इस कार्यक्रम में ओज के कवि डॉ. हरिओम पंवार ने दर्शकों में देशभक्ति की लहर अपनी रचनाओं से ऐसी भरी की शमां देखते हुए बनता था। सुदीप भोला ने भी अपने पारंपरिक अंदाज में राजनीतिक पर कटाक्ष करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। स्टेज का संचालन करते हुए महेश गर्ग बेधड़क भी चुटीले अंदाजा में श्रोताओं को अपनी रचनाओं से सराबोर कर गए। ऐसे ही गीतकार मुमताज नसीम भी दर्शकों की तालियां बंटोरने में पीछे नहीं रही। शायर रणजीत सिंह चौहान ने जानदार शायरी प्रस्तुत करके वाहवाही ली। इन्होंने कहा कि ऐसी नजर हटी की नजारा चला गया,इसमें एक ख्वाब हमारा चला गया। आया जो लौट के दोबारा चला गया। सुदीप भोला ना घरवाली से डरता हूं ना घरवालों से डरता हूं, कब मुस्लमान बन गया होता, पर बजरंग दल वालों से डरता हूं, कहते ही दर्शकों से खचाखच भरा सभागार तालियों से गूंजने लगा। हरियाणवी हास्य के उभरते सितारे मोहन दलाल को भी लोगों ने बीस मिनट तक बड़े गौर से सुना।

### तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा मदवि का टैगोर ऑडिटोरियम

#### दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरुआत

15वें कवि सम्मेलन की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन, आर्यन ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन कैप्टन रूद्रसेन सिंधु, स्टेट इंफोरमेशन कमिश्नर डॉ. कुलबीर छिक्कारा, हरिभूमि के स्थानीय संपादक हिमांशु घिल्डियाल मौजूद रहे। नगर निगम रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल भी इस मौके पर मौजूद रहे। प्रोग्राम के विज्ञापनदाताओं को आर्यन ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन कैप्टन रूद्रसेन सिंधु, स्टेट इंफोरमेशन आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

#### हरिभूमि सामाजिक सरोकार में आगे

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरिभूमि हमेशा से ही सामाजिक सरोकार और देश हित को सर्वोपरि मानकर राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगा हुआ है। 15 साल से कवि सम्मेलन का आयोजन सामाजिक सरोकार सबसे बड़ा उदाहरण है और पत्रकारिता की दुनिया में हरिभूमि ने 31 साल पूरे कर लिए हैं। निष्पक्ष पत्रकारिता को संस्थान ने अपना लक्ष्य बनाया हुआ है। गौतम ने उम्मीद की कि भविष्य में हरिभूमि ऐसे ही लेखनी की दुनिया में कुलाचे भरे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन ने भी पत्रकारिता के सेक्टर में हरिभूमि के कार्यों की सराहना की। इन्होंने कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता ही वर्तमान की जरूरत है। यह आवश्यकता हरिभूमि बीते तीन दशक से पूरी कर रहा है।

#### इन हस्तियों को किया गया सम्मानित

सामाजिक क्षेत्र में लीक से हटकर काम करने वाले लोगों को इस मौके पर सम्मानित किया गया। ये गौरव सेवा और सम्पूर्ण एसोसिएशन, बॉक्सिंग कोच विजय हुड्डा, वरिष्ठ समाज सेवी विजय मितल, नव जागृति महिला किसान क्लब की मिथिलेश और समाजसेवी जसबीर को मिला।

सीने और पेट पर नौ वार किए

## करनाल में चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** करनाल में चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या कर दी गई। उसके सीने और पेट पर ताबड़तोड़ कई वार किए। युवक के शव पर शार्प कट के 9 निशान मिले हैं। सीने पर भी गहरे घाव हैं। युवक शुक्रवार देर रात अपने फ्रेंड के घर के बाहर बैठा था, तभी बाइक पर आए युवकों ने हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपियों ने चाकू छाती से निकालकर पेट में भी घुसा दिया। परिजन रात में युवक को करनाल के सिविल अस्पताल ले गए। शनिवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि अधिक खून बहने से उसकी मौत हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उधर, इलाज के दौरान युवक का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उसने पीयुष, अज्जू और सोनू नाम के तीन युवकों का नाम लिया है।

**मुंह में भी चाकू घुसाया, जीभ कटी, शव पर कट के नौ निशान मिले**

आंध्र प्रदेश पटाखा फैक्टरी में धमाका

## 21 लोगों की मौत, आठ लोगों की हालत गंभीर

राहत और बचाव कार्य के बाद झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक पटाखा फैक्टरी में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य में लगी पुलिस की टीम ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने बताया कि पटाखा फैक्टरी में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। गृह मंत्री के मुताबिक धमाके में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि धमाके में घायल हुए छह लोगों की हालत गंभीर है। पटाखा फैक्टरी में धमाके पर राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया।

वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट जारी

## पहली से 8वीं कक्षा तक की परीक्षा 11 से 18 मार्च तक

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। वार्षिक परीक्षाएं 11 मार्च से 18 मार्च तक होंगी। हालांकि 14 मार्च को होने वाली परीक्षा को लेकर शिक्षकों व विद्यार्थियों में संशय बना हुआ है। 14 मार्च को महीने का दूसरा शनिवार है, जबकि दूसरे शनिवार को स्कूलों में अवकाश रहता है। ऐसे में जारी की गई डेटशीट में 14 मार्च को होने वाली वाली परीक्षा की तारीख में फेरबदल हो सकता है। वहीं नई शिक्षा नीति के तहत असफल विद्यार्थी एवं अंकों में वृद्धि करना चाहता है, उनके लिए अप्रैल माह में सप्लीमेंट्री परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

**परीक्षा का समय सुबह 8.30 बजे से लेकर 11.30 बजे तक**

चेकिंग के बाद मिलेगा प्रवेश

## होली पर महाकाल मंदिर में रंग-गुलाल पर प्रतिबंध



**उज्जैन (हरिभूमि न्यूज)।** होली पर्व के अवसर पर मंदिर प्रशासन ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गर्भगृह, नंदी मंडपम, गणेश मंडपम, कार्तिकेय मंडपम सहित संपूर्ण मंदिर परिसर और महाकाल लोक क्षेत्र में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल ले जाना, उड़ाना या आपस में लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक में कार्यरत पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिसकर्मी, सुरक्षाकर्मी, सफाई कर्मचारी, सेवक तथा अन्य आउटसोर्स कर्मचारी भी रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे और आपस में रंग नहीं लगाएंगे।

कूनो नेशनल पार्क में अब 48 चीते

## बोत्सवाना से लाए गए 9 चीते कूनो पहुंचे, क्वारंटीन किया



**भोपाल/ श्योपुर(हरिभूमि न्यूज)।** बोत्सवाना से करीब 12 घंटे की हवाई यात्रा के बाद 9 विदेशी चीते शनिवार को भारत पहुंच गए हैं। इन चीतों को विशेष विमान से बोत्सवाना से पहले ग्वालियर एयरपोर्ट लाया गया। यहां से हेलीकॉप्टर से कूनो लाकर सीधे क्वारंटीन बाड़ों में शिफ्ट कर दिया गया। चीतों की इस नई खेप में 6 मादा और 3 नर चीते हैं। इसके साथ ही देश में चीतों की कुनबा बढ़कर कुल 39 से 48 हो गई है। चीतों के कूनो पहुंचने पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव खुद कूनो पहुंचे। उन्होंने सभी चीतों को कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटीन बाड़ों तक छोड़ा।

**सुरक्षा कवच** हरियाणा में पहले दिन 50 बेटियों को वैक्सीन लगाई गई

*सीएम बोले, अगले तीन माह में हर पात्र किशोरी को मिलेगी सुरक्षा*

# पीएम मोदी ने राजस्थान और सीएम सैनी ने कुरुक्षेत्र से की एचपीवी वैक्सीन की शुरुआत

**कुरुक्षेत्र/लाडवा (हरिभूमि न्यूज)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के लाडवा से शनिवार को बेटियों को ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगाने की शुरूआत की। इस मौके पर सीएम सैनी ने कहा कि यह वैक्सीन बेटियों के आत्म विश्वास और स्वास्थ्य की ढाल बनेगी। इस वैक्सीन से महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर(ग्रीवा कैंसर) होने के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। यह वैक्सीन वायरस से सुरक्षा प्रदान करेगी और बेटियों के सपनों का सुरक्षा कवच बनेगी। इस राष्ट्रव्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। सैनी लाडवा के श्रीराम कुंडी धर्मशाला के सभागार में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयोजित प्रदेशव्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के शुभारंभ पर बोल रहे थे।



**बेटियों को प्रमाण पत्र दिया :** सीएम सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया और बेटियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अभियान के पहले दिन मुख्यमंत्री के समक्ष 5 बेटियों और स्वास्थ्य केन्द्र में 35 बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। प्रदेश में पहले दिन 50 बेटियों को वैक्सीन दी गई है।

### दूसरा सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर

सर्वाइकल कैंसर से भारत में महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाला दूसरा कैंसर है। यह कैंसर ह्यूमन पेपिलोमा वायरस से पनप रहा है। इस बीमारी को रोका जा सकता है इसलिए वैज्ञानिक शोध के बाद एचपीवी वैक्सीन से इलाज संभव हो सकेगा। यह वैक्सीन इस वायरस से सुरक्षा प्रदान करती है और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने के खतरे को काफी हद तक कम कर देती है।

**इन्हें लगाई जा रही :** आने वाले 3 महीने में राज्य की प्रत्येक पात्र बालिका तक यह सुरक्षा पहुंचाई जाएगी। यह वैक्सीन 14 वर्ष की आयु पूर्ण करने और 15 वर्ष की आयु की कम बेटियों को लगाई जाएगी। यह वैक्सीन पूरी तरह से वैज्ञानिक शोध पर आधारित और सुरक्षित है। यह वैक्सीन विश्व के 160 से अधिक देशों में लगाई जा रही है।

**ऑनलाइन पंजीकरण होगा :** इस कार्यक्रम के तहत टीकाकरण का ऑनलाइन पंजीकरण यू विन पोर्टल पर किया जाएगा।

# श्रेष्ठ आचरण ही संघ के कार्य का मूल आधार : मोहन भागवत

■ आरएसएस सरसंघचालक ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शिक्षाविदों, अधिकारियों व सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ संवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

■ समाज, संस्कृति, संस्कार व नैतिकता संघ के कार्य का मूल आधार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा.मोहनराव भागवत ने कहा कि समाज, संस्कृति, संस्कार, नैतिकता और श्रेष्ठ आचरण ही संघ के कार्य का मूल आधार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नैतिक मूल्यों, आचरण, संस्कार और समाज के प्रति प्रतिबद्धता के साथ पुरुषार्थ का समन्वय आवश्यक है, तभी स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। सरसंघचालक शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद् गीता सभागार में संघ शताब्दी वर्ष के मध्य प्रमुख जन गोष्ठी में हरियाणा प्रदेश के प्रमुख शिक्षाविदों, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंच पर सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल बीएस जसवाल,उत्तर क्षेत्र संघचालक पवन जिंदल और प्रांत संघचालक प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## घरों में मंगल संवाद की परंपरा विकसित करने से होगा बच्चों का विकास



आरएसएस प्रमुख ने इस अवसर कुटुंब प्रबोधन पर भी जोर दिया। परिवार की भूमिका पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि घरों में मंगल संवाद की परंपरा विकसित होनी चाहिए, जहां मन से मन का संवाद हो और बच्चों को उचित-अनुचित का बोध कराया जाए। उनका कहना था कि केवल उपदेश नहीं, बल्कि संवाद और संस्कारयुक्त वातावरण ही व्यक्ति को भटकाव से बचाता है। सरसंघचालक ने कहा कि संपत्ति के समय साथ खड़े होने वाले बहुत होते हैं, लेकिन विपत्ति में साथ देने वाला कौन है, यह परिवार और समाज के संस्कार तय करते हैं। यदि कोई भी इंसान असफल हो जाए या बुरी संगति में पड़ जाए, तो उसे मार्गदर्शन देने वाला, समझाने वाला और संभालने वाला अपना परिवार और समाज ही होना चाहिए

## संघ को कल्पना व फैलाए गए नैरेटिव से नहीं समझा जा सकता

उन्होंने कहा कि संघ के बारे में जो बोला वह आपने सुना है, यह कैसा और क्यों हुआ है, इसको जानने के बाद संघ को और आगे कैसे बढ़ा सकते हैं यह इसकी कल्पना है, संघ को समझना है तो संघ में आकर ही समझना पड़ेगा। केवल बाहर से देखकर और कल्पना और फैलाये जा रहे नैरेटिव से नहीं समझ सकते, क्योंकि संघ का जैसा काम है, वैसा दुनिया में और कहीं नहीं है। आज पांचों महाद्वीपों से महत्वपूर्ण लोग संघ को देखने, जानने और समझने के लिए आते हैं। वे भी अपने देश के युवाओं के लिए इस तरह का विचार संगठन खड़ा करने के लिए सहयोग मांगते हैं, क्योंकि उसके पास में ऐसा ढांचा नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ का मूल कार्य व्यक्तित्व निर्माण और समाज संगठन है। संघ स्वयं को उद्धारक नहीं मानता, बल्कि समाज को सक्षम बनाने का कार्य करता है। उनके अनुसार, प्रत्येक गांव और बस्ती में ऐसे लोगों का निर्माण जरूरी है जो राष्ट्रीय चरित्र के उदाहरण बनें।

## सेना की तरह संघ भी अनुशासन, संस्कार व राष्ट्रीयता के भाव से परिपूर्ण : जसवाल



उन्होंने कहा कि संघ के बारे में जो बोला वह आपने सुना है, यह कैसा और क्यों हुआ है, इसको जानने के बाद संघ को और आगे कैसे बढ़ा सकते हैं यह इसकी कल्पना है, संघ को समझना है तो संघ में आकर ही समझना पड़ेगा। केवल बाहर से देखकर और कल्पना और फैलाये जा रहे नैरेटिव से नहीं समझ सकते, क्योंकि संघ का जैसा काम है, वैसा दुनिया में और कहीं नहीं है। आज पांचों महाद्वीपों से महत्वपूर्ण लोग संघ को देखने, जानने और समझने के लिए आते हैं। वे भी अपने देश के युवाओं के लिए इस तरह का विचार संगठन खड़ा करने के लिए सहयोग मांगते हैं, क्योंकि उसके पास में ऐसा ढांचा नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ का मूल कार्य व्यक्तित्व निर्माण और समाज संगठन है। संघ स्वयं को उद्धारक नहीं मानता, बल्कि समाज को सक्षम बनाने का कार्य करता है। उनके अनुसार, प्रत्येक गांव और बस्ती में ऐसे लोगों का निर्माण जरूरी है जो राष्ट्रीय चरित्र के उदाहरण बनें।

## खबर संक्षेप

### प्लाट पर कब्जा न देने पर एचएसवीपी पर जुर्माना

**चंडीगढ़।** हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने एक महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई करते हुए एचएसवीपी को आवंटी को देय ब्याज का भुगतान करने तथा पांच हजार रुपये मुआवज़ा देने करने के निर्देश दिए हैं। यह मामला हिसार निवासी रेखा सोनी से संबंधित है, जिन्होंने वर्ष 2022–23 की ई-नीलामी में भाग लेकर भूखंड खरीदा था। उन्हें 16 जून, 2023 को आवंटन-सह-कब्जा प्रमाणपत्र जारी किया गया था, किंतु दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उन्हें वास्तविक कब्जा प्राप्त नहीं हुआ। पूर्ण भुगतान करने के बावजूद आवंटी को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

### केंद्रीय मंत्रालय ने एआई स्किलिंग प्रोग्राम शुरू किया

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गूगल और यूट्यूब के सहयोग से मीडिया एवं एंटरटेनमेंट क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए देशव्यापी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्किलिंग कार्यक्रम शुरू किया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट के तहत शुरू की गई है। इसका उद्देश्य देशभर के क्रिएटर्स, डेवलपर्स और मीडिया पेशेवरों को उच्च गुणवत्ता वाले एआई प्रशिक्षण तक पहुंच प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को प्रीमियम कोर्स के लिए पूर्ण रूप से प्रायोजित स्कॉलरशिप दी जाएगी, जिससे वे बिना किसी शुल्क के इंडस्ट्री-मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र हासिल कर सकेंगे।

### 480 किसानों को स्प्रे पंप वितरित किए

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शनिवार को यमुनानगर में अनुसूचित जाति के किसानों को 480 स्प्रे पंप निःशुल्क वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है और हमारी अधिकतर आबादी खेती पर ही निर्भर है। खेती को उन्नत एवं बीमारियों से रहित बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा विशेष रूप से कदम उठाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के लिए अनेक कदम उठा रही है।

## मुख्यमंत्री ने लाडवा में राज्य स्तरीय कृषि विकास मेले का शुभारंभ किया

# किसानों और वैज्ञानिकों का सीधा संवाद ही कृषि को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा

**लाडवा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक आप शोध को प्रयोगशाला तक सीमित न रखें, बल्कि हर खेत व हर किसान तक पहुंचाएं। किसान और वैज्ञानिक का सीधा संवाद ही कृषि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से लाडवा अनाज मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय कृषि विकास मेले के शुभारंभ पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर पर बैठकर विश्वविद्यालय व किसानों द्वारा लगाए गए स्टॉलों और कृषि मेले का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा का एचएयू के कुलदीप प्रो. डा. बीआर काम्बोज ने स्मृति चिन्ह, शॉल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने लाडवा विधानसभा के गांव मथाना में जैविक कृषि व आधुनिक प्रबंधन प्रणाली संस्थान को 10 एकड़ में खोला जाएगा। इस संस्थान में युवा पीढ़ी कृषि साइंस के यूजी, पीजी से लेकर पीएचडी तक के कोर्स कर सकेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के शोधित पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल करने की 27 योजनाएं तैयार की हैं। इनमें से 11 पूरी हो चुकी हैं। इनसे सिंचाई के लिए एक स्थायी जल स्रोत मिलेगा, नहरों पर दबाव कम होगा और भूजल का दोहन भी घटेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने फसल अवशेष व पराली की समस्या से निपटने के लिए किसानों को जागरूक किया है और उन्हें पराली प्रबंधन के लिए 1 लाख से ज्यादा मशीनें दी हैं।

## मथाना में जैविक कृषि व आधुनिक प्रबंधन प्रणाली संस्थान खोला जाएगा : नायब



### प्रगतिशील महिला किसानों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने मेले में प्रदेश की महिला प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया। इनमें करनाल के गांव औगंध से काजल, मण्डकोला के गांव मीरपुर कौराली से इंदिरा देवी, हिसार के आदमपुर से रेखा, भिवानी के गांव नाथूवास से मुन्नी बाई, यमुनानगर के गांव बहादुरपुर से रजनी, पानीपत के गांव बसाड़ा से पुष्पा देवी, महेन्द्रगढ़ के गांव गुढ़ा से नीतू यादव, जींद के गांव इक्कस से निर्मला व अन्य को सम्मानित किया।

## विज से मिले सीएम, जल्द स्वस्थ होने की कामना



■ कई अन्य नेताओं ने भी की मुलाकात

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के अंबाला छावनी स्थित आवास पर शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर, इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने उनका हालचाल जाना। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगल कामना की। सुबह मुलाकात के दौरान विज की मुख्यमंत्रीके साथ आत्मीयता और सद्भाव का प्रतीक रही, इस भेंट के दौरान प्रदेश के विकास एवं जनसेवा से जुड़े विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनिल विज प्रदेश की के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता हैं। उनका प्रशासनिक अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण अमूल्य है।

## पूर्व सैनिकों की अनदेखी न करे सरकार



**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) से लाखों पूर्व सैनिक और उनके परिवार जुड़े हैं। यदि चिकित्सा बिलों का भुगतान लंबित रहता है और बजट आवंटन आवश्यकता से कम है, तो अस्पतालों की भागीदारी प्रभावित होती है तथा पूर्व सैनिकों को इलाज में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने केंद्र सरकार से ईसीएचएस के लिए पर्याप्त बजट सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि किसी भी पूर्व सैनिक को उपचार के लिए आर्थिक बोझ न उठाना पड़े।सांसद सैलजा ने दिव्यांगता पेंशन पर आयकर लगाने के प्रस्ताव पर भी गंभीर पुनर्विचार की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता पेंशन आय नहीं, बल्कि सेवा के दौरान लगी चोट या अक्षमता का प्रतिकर है।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र–1
संख्या: NR-UMBOCOML/1/2025(284713) दिनांक: 27.02.2026
विज्ञापन संख्या 458/26 एवं सूचना संख्या NR-UMBOCOML/1/2025 (284713) दिनांक .02.2026 के संदर्भ में, जो समाचार पत्रों में "अंबाला मंडल में स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फेसिलिटेटरों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन सूचना" के संबंध में प्रकाशित की गई थी, के क्रम में यह शुद्धिपत्र जारी किया जाता है। **पैरा संख्या 6 के अनुसार, NSG–1 एवं NSG–2 स्टेशनों के लिए ₹50,000/– तथा अन्य स्टेशनों के लिए ₹25,000/– की सावधि जमा (Fixed Deposit) या मांग पत्र (Demand Draft) रेलवे के नाम के स्थान पर Sr. DFM/UMB के पक्ष में जमा की जानी चाहिए।**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 691/26

दी गोहाना सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लिमिटेड, गोहाना
अल्पावधि निविदा आमंत्रण सूचना
प्रबंधक दी गोहाना सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लिमिटेड गोहाना द्वारा अनुभव प्राप्त निविदाकारों द्वारा ट्रकों से लकड़ी की उतरवाई, चिराई व अनुमानित 10000 (दस हज़ार) वुडन कैरेट (या इस से ज्यादा भी हो सकती है) बनाने व उन्हें ट्रकों में लोड करने आदि कार्यों के लिए दर अनुबंध करने के लिए मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उपरोक्त कार्यों के लिए नियम व शर्तों के साथ निविदा फॉर्म पांच सौ रूपए में किसी भी कार्य दिवस में दिनांक : 05.03.2026 दोपहर 11:00 बजे तक गोहाना समिति (नयी अनाज मंडी, दुकान न - 1) के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदाएं 05.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक ही ली जाएगी। यह निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों और टेंडर कमेटी की उपस्थिति में दिनांक 05.03.2026 को दोपहर 02:00 बजे समिति कार्यालय गोहाना (नई अनाज मंडी, दुकान न-1) में खोली जाएगी।
हस्ता/-प्रबंधक
दी गोहाना सहकारी विपणन एवं
प्रसाधन समिति लिमिटेड, गोहाना

## दहेज उत्पीड़न मामले में हाईकोर्ट ने दी जमानत

■ आरोपी पर पत्नी को जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का भी आरोप

**चंडीगढ़।** दहेज उत्पीड़न और पत्नी को जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने के गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने आरोपी पति को नियमित जमानत प्रदान कर दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जमानत पर सुनवाई के दौरान विस्तृत ट्रायल करना न्यायालय का उद्देश्य नहीं होता, बल्कि आरोपों की प्रकृति, हिरासत की अवधि और मुकदमे की प्रगति जैसे पहलुओं को देखा जाना आवश्यक है। जस्टिस नीरजा के. कलसन की एकल पीठ ने सिरसा जिले के रोड़ी थाना में दर्ज मामले में आरोपी पवन कुमार द्वारा दायर याचिका स्वीकार करते हुए यह राहत दी। अदालत के समक्ष दायर याचिका भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 483 के तहत दाखिल की गई थी।

## हैफेड को जॉब सिक्योरिटी पोर्टल पर लाए सरकार

■ अदालत ने कर्मचारियों को आठ सप्ताह में लाभ देने के आदेश दिए

**चंडीगढ़।** संविदा कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए हैफेड में कार्यरत कर्मचारियों को राहत प्रदान की है। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि हैफेड का नाम तत्काल प्रभाव से ऑनलाइन जॉब सिक्योरिटी पोर्टल पर शामिल किया जाए, ताकि पात्र कर्मचारी हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम-2024 के तहत अपना पंजीकरण कर सकें और सेवा सुरक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की अदालत ने दिनेश कुमार एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया कि सभी कर्मचारी हैफेड में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने नियुक्त तिथि तक पांच वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली है और अधिनियम के तहत सेवा सुरक्षा के पात्र हैं। आठ सप्ताह में लाभ देने के निर्देश भी दिए।

## एफएसओ को सुविधाएं न देने पर नपेंगे अफसर

**चंडीगढ़।** वन एवं वन्यजीव विभाग से जुड़े एक अहम अवमानना मामले की सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि फॉरेस्ट सेटलमेंट ऑफिसर (एफएसओ) को उपलब्ध कराई गई सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी पाई गई तो संबंधित सचिव को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि अधिकारी अवमानना कार्रवाई के दायरे में आएंगे। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू और जस्टिस सुमीत गोयल की खंडपीठ के समक्ष विजय बंसल बनाम सरकार मामले में सुनवाई हुई। यह मामला पूर्व में जारी न्यायालय आदेशों के अनुपालन से जुड़ा हुआ है। अदालत द्वारा 30 जनवरी 2026 को जारी अवमानना नोटिस के अनुपालन में सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग की सचिव वासवी त्यागी स्वयं उपस्थित हुए।

# 590 करोड़ फ्रॉड केस में ईडी की एंट्री, एसीबी से दस्तावेज मांगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

■ डॉक्यूमेंट मिलते ही ईडी मनी-लॉन्ड्रिंग की एफआईआर दर्ज करेगी

प्रदेश में सरकारी विभागों के आईडीएफसी बैंक से जुड़े 590 करोड़ के फ्रॉड केस में अब एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) की एंट्री हो गई है। ईडी अधिकारियों ने घोटाले की जांच कर रही एंटी करप्शन ब्यूरो को लेटर लिखकर घोटाले से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं। डॉक्यूमेंट मिलते ही ईडी मनी-लॉन्ड्रिंग की एफआईआर दर्ज करेगी। ईडीसी की टीम ने फ्रॉड में अपनी समांतर जांच शुरू कर दी है, जिसके तहत ईडी के अधिकारी एसीबी कार्यालय में गए थे। हालांकि, आरोपियों से ईडी द्वारा आमने-सामने की पूछताछ नहीं हुई है। एसीबी की रिमांड अवधि खत्म होने के तुरंत बाद ईडी ने मामला दर्ज कर आरोपियों को अपनी हिरासत में ले सकती है। शुक्रवार को मुख्य आरोपी रिभव ऋषि से उसके वकील ने मुलाकात की। हालांकि, एसीबी द्वारा करीब दस मिनट ही मुलाकात करने दी गई, इस दौरान एसीबी अधिकारी भी वहीं बैठे रहे।

### अफसर भी राडार पर

दो निजी बैंक के कर्मियों ने ग्राहकों विश्वास तोड़ने का काम किया है। पूरे मामले में एसीबी हरियाणा (एंटी करप्शन ब्यूरो) बेहद ही गंभीरता के साथ में काम करने में जुटा है। कुल मिलाकर हरियाणा के कई प्रशासनिक अफसरों और सरकारी विभागों के लेखा विभाग, वित्त विभाग से जुड़े कर्मियों के आसपास जांच का मामला घूम रहा है। पूरे मामले में एसीबी के राडार पर काफी संख्या में इस तरह का खेला करने वाले अफसर और कर्मचारी आ चुके हैं।

### डेटा हो रहा रिकवर

एसीबी ने आरोपितों से पूछताछ के बाद उनके घर से लैपटॉप बरामद किए हैं। आशंका है कि आरोपियों ने बरामदगी से पहले लैपटॉप से काफी डेटा डिलीट कर दिया है। जिसे रिकवर करने के लिए साइबर एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है। हिसाब-किताब की कुछ अहम डायरी और दस्तावेज आरोपियों के घर से पुलिस ने बरामद की हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपियों का संपर्क एक रियल एस्टेट एजेंट के जरिए बिल्डर से है। जिससे फ्लैट खरीदने के लिए लेन-देन की बात हुई है। आरोपी बिल्डर की मैनेजमेंट संभालने वाले कर्मचारियों और चंडीगढ़ के एक कारोबारी की तलाश में एसीबी जुटी हुई है।

## राज्यपाल ने विज्ञान पुरस्कार किए वितरित



**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हरियाणा विज्ञान एवं युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर शिक्षामंत्री मौजूद रहे।

## डीजीपी ने की पहली बी-लेवल कल्याण गोष्ठी की अध्यक्षता

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल की अध्यक्षता में शनिवार को ईआरएसएस ऑडिटोरियम पंचकूला में बी-लेवल कल्याण गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के कल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया तथा आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा हुई। गोष्ठी में पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए उठाए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए भविष्य में उनके कल्याण के किए लागू की जाने वाली योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी बैठक में सांझा किए। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक, कल्याण शाखा मोहित हांडा ने पिछली बी लेवल मीटिंग में लिए गए निर्णयो की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। गोष्ठी में पिछले एक माह शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

**FORM - IV**
**Statement of ownership and other particulars about Hari Bhoomi as required by Registration of Newspapers (Central) Rules 1956 :**
1. Place of Publication : Hari Bhoomi, Near Indus Public School, Delhi Road, Rohtak-124001
2. Periodicity of Publication : Daily
3. Printer's Name : Davender Singh, Nationality : Indian, Address : Hari Bhoomi, Near Indus Public School, Delhi Road, Rohtak-124001
4. Publisher's Name : Davender Singh, Nationality : Indian, Address : As above
5. Editor's Name : Dr. Himanshu Dwivedi, Nationality : Indian, Address : Hari Bhoomi, Near Indus Public School, Delhi Road, Rohtak-124001

Hari Bhoomi, is owned by Hari Bhoomi Communications Private Limited, 201, Onkardeep Building, A-19, Connaught Place, New Delhi-110001 having following share holders holding more than one percent of the total capital :
i) Abhimanyu Sindhu, 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
ii) Sarvesh Sindhu, 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
iii) Vir Sen Sindhu, 1, Garud Nagar, Gevra Project, Korba, Chhattisgarh - 495452
iv) Vrit Pal Sindhu, 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
v) Satya Pal Sindhu, 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
vi) Anika Sindhu, 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
vii) Swasti Sindhu, 53, Sector - 14, Rohtak, Haryana - 124001
viii) Rachna Sindhu, 57, Sector - 14, Rohtak, Haryana - 124001
ix) M/s Indus Edumanagement Services Private Limited, 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035
x) Paramitra Holdings Private Limited, 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035

I, Davender Singh, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.
Sd/-
Davender Singh
Publisher
Dt. 01-03-2026

MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
GOVERNMENT OF INDIA
कयर बोर्ड
संविदा के आधार पर परियोजना / तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति
भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय, कयर बोर्ड अपने दो अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय कयर अनुसंधान संस्थान, आलप्पुषा,केरल और केंद्रीय कयर प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्नाटक,बेंगलुरु के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर परियोजना/तकनीकी कर्मचारियों (7 रिक्तियां) की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता हैं।
आवेदक विस्तृत विज्ञापन के लिए कयर बोर्ड की वेबसाइट **(www.coirboard.gov.in)** पर जा सकते हैं। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन 22 मार्च , 2026 को शाम 5.30 बजे तक या उससे पहले ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए।
17.02.2026
CBC 25131/12/0048/2526
www.coirboard.gov.in
ह/- सचिव

केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
Central Institute of Petrochemicals Engineering & Technology
(Dept. of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers, Govt. of India)
50वां माइल स्टोन, डीसीआरयूएसटी कैम्पस, मुरथल, सोनीपत, हरियाणा– 131039
सिपेट CIPET
फोन : 0130–2203000, ईमेल : murthal@cipet.gov.in, वैबसाईट : www.cipet.gov.in
Telephone No.: 0130–2203000, E-Mail ID: murthal@cipet.gov.in, website: www.cipet.gov.in
एआईसीटीई स्वीकृत AICTE Approved
उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड Excellent Placement Record
सिपेट : डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए प्रवेश
CIPET- Admission in Diploma Level Programmes for the academic year 2026-27
सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) 2026 / CIPET ADMISSIONTEST-2026
Apply Online: https://cipet26.onlineregistrationform.org/CIPET/ ऑनलाइन आवेदन करें: https://cipet26.onlineregistrationform.org/CIPET/

| क्रम. संख्या Sl.No. | पाठ्यक्रम का नाम Name of Course | पाठ्यक्रम की अवधि Course Duration | प्रवेश योग्यता Entry Qualification |
|---|---|---|---|
| 01. | डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डी.पी.एम.टी) Diploma in Plastics Mould Technology (DPMT) | 3 वर्ष 3 year | कक्षा 10 उत्तीर्ण 10th Std. |
| 02. | डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डी.पी.टी) Diploma in Plastics Technology (DPT) | 3 वर्ष 3 year | कक्षा 10 उत्तीर्ण 10th Std. |
| 03. | पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग (पीजीडी–पीपीटी) Post Graduate Diploma in Plastics Processing & Testing (PGD-PPT) | 2 वर्ष 2 year | विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री 3 year Degree in Science |
| 04. | पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाईन विथ कैड/कैम (पीडी – पीएमडी विथ कैड/कैम) Post Diploma in Plastics Mould Design with CAD/CAM (PD-PMD with CAD/CAM) | $1\frac{1}{2}$ वर्ष $1\frac{1}{2}$ year | मैकेनिकल/प्लास्टिक्स/पॉलीमर/टूल/टूल एवं डाई मेकिंग/ उत्पादन/ मेकाट्रोनिक्स/ ऑटोमोबाईल/ पेट्रोकेमिकल्स/ औद्योगिक/ इंस्ट्रूमेंनटेशन इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा या डी.पी.एम.टी./ डी.पी.टी. या समकक्ष Diploma in Mechanical/Plastics/Polymer/Tool/Tool & Die Making/Production/Mechatronics/Automobile/ Petrochemicals / Industrial/ Instrumentation Engg./ Technology or DPMT/DPT or Equivalent |

प्रवेश योग्यता परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार भी उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने योग्य हैं।
Candidates appearing for the entry qualification examination are also eligible to apply for all the above courses
कोई उम्र सीमा नहीं। छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग–अलग छात्रावास
No Age Bar | Separate Hostel Accommodation for Boys & Girls

| सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) की महत्वपूर्ण तिथियां CIPET ADMISSION TEST (CAT) | | |
|---|---|---|
| | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की शुरुआत तिथि Date of opening for CAT Online application submission | 15.12.2025 |
| | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि Date of closure for CAT application submission | 28.05.2026 |
| | सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) की तिथि Date of CAT all over India | 07.06.2026 |

संपर्क सूत्र : 9466146015, 9066356322, 9896380485, 8950050008, 9888446869
विज्ञापन क्रमांक :-2025-26/26 www.cipet.gov.in निदेशक एवं प्रमुख

## सफीदों में वारदात, रुपयों के लेनदेन का मामला

# फेसबुक पर लाइव आकर युवक ने निगला जहर

### हैचरी मालिक व उसकी पत्नी पर प्रताड़ित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों में शनिवार को एक व्यक्ति पहले फेसबुक पर लाइव आया। फिर जहरीला पदार्थ निगल लिया। मामला रुपयों के लेनदेने से जुड़ा हुआ है। पीड़ित हैचरी मालिक तथा उसकी पत्नी पर आरोप लगा रहा था। व्यक्ति की गंभीर हालत में पानीपत के निजी अस्पताल ले जाया गया है। शहर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों का वार्ड 13 निवासी पवन (35) पुरानी अनाज मंडी सफीदों के निकट अपना सैलून चलाता है। शनिवार को पवन अपने फेसबुक अकाउंट पर लाइव आया और हैचरी मालिक सतीश तथा उसकी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए। पवन ने कहा कि दोनों उसे टार्चर कर रहे हैं। मैं जीना नहीं चाहता। मैं तथा मेरे बच्चे परेशान हो चुके हैं। अब वह जीना नही चाहता। उसके बच्चों को इंसाफ दिलाया जाए। पवन का वीडियो वायरल होने के साथ जानकार तथा परिजन लोकेशन पर पहुंच गए। जिसने जहरीला पदार्थ निगला हुआ था।




युवक को गंभीर हालत में पानीपत के अस्पताल में भर्ती कराया गया

#### बयान लेने के लिए पुलिस को पानीपत भेजा गया

जिसे उपचार के लिए गंभीर हालात में नागरिक अस्पताल सफीदों ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात देख पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया लेकिन परिजन उसे पानीपत के निजी अस्पताल ले गए। बताया जाता है कि पवन का हैचरी मालिक के साथ रुपयों का लेनेदेन है। जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। शहर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना सफीदों प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि पुलिसकर्मी को बयान लेने के लिए पानीपत भेजा गया है। उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## फुटबॉल खिलाड़ी मैच खेलने हिसार जा रहे थे

# पेड़ से टकराकर पलटी गाड़ी, 16 खिलाड़ी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के भट्टू क्षेत्र के गांव खाबड़ा के पास हिसार के फुटबॉल खिलाड़ियों की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। अचानक चलती गाड़ी का टायर पंक्चर होने से गाड़ी चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी पेड़ से टकराकर खेतों में जा पलटी। हादसे के समय गाड़ी में सवार 16 खिलाड़ी सवार थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और गाड़ी सवार लोगों को बाहर निकाला। हादसे में खिलाड़ियों को काफी चोटें आई और उन्हें तुरंत भट्टूकलां के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पांच खिलाड़ियों को फतेहाबाद रेफर किया गया और बाकि प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी दे दी गई, एक खिलाड़ी को फ्रेक्चर हुआ है। इन सभी खिलाड़ियों को सिरसा के गांव हरिपुरा में हो रहे टूर्नामेंट में खेलने जाना था। मगर, हादसा होने की वजह से टूर्नामेंट में शामिल नहीं हो सके। सभी खिलाड़ी 15 से 35 साल की उम्र के हैं। हिसार के गांव चूली बागड़ियान निवासी फुटबाल खिलाड़ियों की टीम सिरसा जिले के गांव हरिपुरा में आयोजित एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए शनिवार सुबह एक टाटा मैजिक गाड़ी में रवाना हुई थी। इस टीम में 16 खिलाड़ी शामिल थे।



**फतेहाबाद।** गांव खाबड़ा के पास खेतों में पलटी गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## रेवाड़ीः अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

■ दूसरे दोषी को 20 साल की कैद

**रेवाड़ी।** नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में लोकेश गुप्ता अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने मामले में संलिप्त दो युवकों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने मामले में संलिप्त एक दोषी गांव हरी नगर निवासी रोहित को आजीवन कारावास व 42 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं, दूसरे दोषी गांव हरी नगर निवासी पंकज को 20 साल कैद व 22 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी है। जिले के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 11 जुलाई 2019 की शाम को वह अपनी ड्यूटी पर गया था। अगले दिन 12 जुलाई 2019 को सुबह जब वह घर लौटा तो उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी रोते हुई मिली। पूछताछ में बताया की दो युवकों ने गलत काम किया था।

## जींद के झमोला के पीएसपीएम स्कूल में फ्लाइंग टीम ने पकड़ा, फोन हाथ में देख हुआ शक

# चपरासी के फोन में मिले प्रश्नों के उत्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के झमोला गांव स्थित पीएसपीएम स्कूल में दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के दौरान वहां तैनात एक चपरासी के मोबाइल फोन में प्रश्न पत्र के उत्तर मिलने से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना मिलते ही केंद्र अधीक्षक ने पुलिस को शिकायत दी। जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शनिवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा का हिंदी विषय का पेपर चल रहा था। परीक्षा दोपहर के सत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी। इसी दौरान बोर्ड द्वारा गठित फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम अचानक केंद्र पर पहुंची और औचक निरीक्षण किया। टीम की नजर केंद्र पर कार्यरत चपरासी सुरेंद्र पर पड़ी, जो अपने पास मोबाइल फोन रखे हुए था। परीक्षा केंद्र में ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन रखना नियमों के विरुद्ध है। संदेह होने पर फ्लाइंग टीम ने उसका मोबाइल फोन चेक किया। जांच के दौरान मोबाइल की गैलरी में कोड डी के प्रश्नपत्र से संबंधित उत्तर पाए गए।

#### चार पर्यवेक्षक रिलीव, नकल के 14 मामले दर्ज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि आज संचालित हुई सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) हिन्दी एवं डीएलएड प्रथम वर्ष (रि-अपीयर) की परीक्षा में प्रदेशभर में कुल 14 अनुचित साधन के केस दर्ज किए गए तथा 4 पर्यवेक्षकों को परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया। केन्द्र अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र पीएसपीएम वमावि ,झामोला (जीन्द) में सेवादार के मोबाइल में आज की परीक्षा की 'डी' कोड की उत्तरकुंजी पाए जाने पर सेवादार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई। आज 1371 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित हुई सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की हिन्दी एवं डीएलएड प्रथम वर्ष रि-अपीयर विषय की परीक्षा में 2,87,881 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए।

## फरीदाबाद में कास्टिक सोडा खाने से दो छात्राएं बीमार

■ अंब विद्यालय के बाहर प्रदर्शन, बोले- मिस्त्री की जगह खिलाया

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के एनआईटी-5 नंबर केसी रोड स्थित नैब हरियाणा राज्य शाखा अंध विद्यालय के बाहर शनिवार को दृष्टिहीन संघर्ष समिति के सदस्यों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन उस घटना के विरोध में किया गया जिसमें प्रसाद की जगह गलती से कास्टिक सोडा खाने से दो दृष्टिहीन लड़कियों की तबीयत बिगड़ गई थी। प्रदर्शनकारियों ने विद्यालय स्टाफ पर लापरवाही और दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए। दृष्टिहीन संघर्ष समिति के संयोजक हरिंदर मलिक ने बताया कि विद्यालय परिसर में कीर्तन का आयोजन किया गया था। कीर्तन के बाद प्रसाद में मिश्री की जगह गलती से कास्टिक सोडा के दाने दे दिए गए। इसे खाने के बाद दो लड़कियों और एक युवक के मुंह के अंदर जलन और घाव हो गए।

# डीएसपी पर धमकाने के आरोप लगाने वाला हेड कॉन्स्टेबल बर्खास्त

### विवाद के बाद 2 दिन पहले ही सुनील संधू समेत नशा मुक्ति टीम के 9 सदस्यों को लाइन हाजिर किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल पुलिस में कार्यरत हेड कॉन्स्टेबल सुनील संधू को शनिवार को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक उपासना सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि सुनील संधू ने उप पुलिस अधीक्षक पर धमकाने के आरोप लगाए थे। उन्हें इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को करने के बजाए सोशल मीडिया पोस्ट की। इससे पुलिस विभाग की छवि खराब हुई।

वहीं, सुनील संधू नशा मुक्ति अभियान के दौरान नशे के साथ आरोपियों को पकड़ने के वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डालते थे, जो कि नियमों के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि अनुशासनहीनता को लेकर सुनील संधू पर कार्रवाई की गई है। बता दें कि 23 फरवरी को सुनील संधू ने फेसबुक पोस्ट कर कलायत के डीएसपी ललित यादव पर नशे के झूठे केस में फंसाने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। संधू की इस पोस्ट के बाद पुलिस अधीक्षक उपासना सिंह ने गुहला के डीएसपी कुलदीप बेनीवाल को जांच सौंपी थी। इस विवाद के बाद 2 दिन पहले ही सुनील संधू समेत नशा मुक्ति टीम के 9 सदस्यों को लाइन हाजिर किया गया था। जिला पुलिस मुख्यालय की तरफ से कहा गया कि इन पुलिसकर्मियों ने अनुशासन और नियमों का पालन नहीं किया।



शिकायत करने के बजाए सोशल मीडिया पोस्ट की, पुलिस की छवि खराब हुई

#### संधू की वजह से रेड फेल हुई

पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि इसकी जांच डीएसपी गुरविंद्र कर रहे थे कि नियमों का पालन क्यों नहीं हुआ। जांच का परिणाम निकला कि यह सुनील संधू की वजह से हुआ। जांच के दौरान डीएसपी कलायत आए थे। 23 फरवरी को सुनील संधू की तरफ से डीएसपी कलायत पर गंभीर आरोप लगाए गए। अगर सुनील संधू के साथ कुछ हुआ था, तो उन्हें सोशल मीडिया पर डालने की बजाय डिसिप्लिनरी फोर्स के पास जाना चाहिए था। उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया।

## जींद में बायो गैस प्लांट में हादसा

# गैस की चपेट में आने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

### गैस स्टॉक वैलून में उतरा था मृतक, दूसरा उसे बचाने के लिए कूदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बुढाखेड़ा के निकट निजी फर्म के बायोगैस प्लांट में गैस की चपेट में आने से एक कर्मी की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर हो गया। जिसे पानीपत के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि प्लांट प्रबधन की लापरवाही के कारण उसके बेटे की मौत हुई है।

सदर थाना सफीदो पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर प्लांट मालिक तथा मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी सोनू (32) गांव के निकट लगे फर्म के बायोगैस प्लांट में लगभग छह साल से कार्य कर रहा था। बीती देर शाम सोनू गैस स्टाक वैलून में उतरा था। जो गैस की चपेट में आने से बेसुध हो गया। उस बचाने के लिए गया मध्य प्रदेश निवासी राजकुमार (45) भी गैस की चपेट में आकर बेसुध हो गया। सहयोगी कर्मियों द्वारा दोनों को नागरिक अस्पताल सफीदों ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। जबकि राजकुमार की गंभीर हालात देख उसे पानीपत के निजी अस्पताल ले भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना पा कर डीएसपी गौरव शर्मा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया।

## काली थार में आए थे बदमाश

# फरीदाबाद में जमींदार के घर के बाहर फायरिंग

### बदमाशों ने पहले गाली-गलौज की, फिर 3 राउंड गोलियां चलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



फरीदाबाद जिले के नाहरावली गांव में शुक्रवार रात काली थार में सवार होकर आए कुछ बदमाशों ने एक जमींदार के घर को निशाना बनाया। बदमाशों ने न केवल घर के बाहर जमकर गाली-गलौज की, बल्कि खौफ पैदा करने के लिए 3 राउंड फायरिंग भी की। आधी रात को गोलियों की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। पुलिस मामले में छानबीन में लगी है। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। नाहरावली गांव निवासी जमींदार समंदर भाटी परिवार के सदस्यों के साथ घर में सो रहे थे। इसी बीच रात को साढ़े 12 बजे घर के बाहर गोलियां चलने लगी। गोलियों की आवाज सुनकर समंदर भाटी और उनका परिवार नींद से जाग गया। समंदर भाटी ने बताया कि जब वे बाहर निकले तो देखा कि थार गाड़ी में सवार तीन से चार लोग वहां से भाग रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें नहीं पता कि फायरिंग करने वाले कौन थे और क्यों की गई। उस समय पूरा परिवार घर में सो रहा था।





# इंद्रधनुषी रंगों से रंग जाए जीवन

वासंती बयारों के बीच जब नवकोंपल, नवपुष्पों के मोहक वर्णों और सुगंध से प्रकृति सुशोभित-सुवासित हो रही होती है, ऐसे ही अवसर पर इंद्रधनुषी रंग-भाव लिए आता है, होली का त्योहार। उसके आगमन की आहट से रोम-रोम पुलकित हो उठता है। उल्लास-उमंग को संग लिए रंगोत्सव हमें जीवन के हर रंग को आत्मसात करने का भी संदेश देता है।

आवरण कथा

सरस्वती रमेश

प्रकृति जब धरती पर ऋतु परिवर्तन का विविधवर्णी उत्सव मनाती है। पलाश, गेंदा, गुलाब, गुलमोहर जैसे फूलों और खेतों में दूर तक फैली पीली सरसों से अपना श्रंगार करती है, इसी अवसर पर रंगपर्व होली के बहाने हम सब भी प्रकृति के इस उत्सव में शामिल हो जाते हैं। ऋतु की मादकता से अपने भीतर उपजे आह्लाद को ठिठोली, राग, रंग और अल्हड़पन के माध्यम से व्यक्त करते हैं। यह ऋतु ऐसी मदमस्त होती है कि धूप की हल्की हंसी जैसी किरणें भी धरती पर किसी सुनहरी पिचकारी-सी लगती हैं। शीतल बयार का जादू प्रकृति के कण-कण में छाने लगता है। क्या इंसान और क्या पशु-पक्षी, सब प्रकृति के सम्मोहन में बंध जाते हैं। हृदय में उल्लास के कपाट खुल जाते हैं। मन में फाग के राग बजने लगते हैं। पांव ढोलक, मृदंग की थाप पर खुद-ब-खुद थिरकने लगते हैं। इस ऋतु के प्रभाव को कवि दिनेश शुक्ल की ये पंक्तियां प्रभावी तरीके से व्यक्त करती हैं-

पृथ्वी, मौसम, वनस्पति, भंवरे, तितली, धूप
सब पर जादू कर गई, ये फागुन की धूल।

**विविध रंगों से सजता है जीवन:** होली तो रंगों की उमंग से उत्साहित होने का त्योहार है। उत्सव के रंग में रंग जाने का समय। लेकिन ये रंग महज बाहरी रंग नहीं होते, जीवन जीने का फलसफा भी सिखाते हैं। हमारा जीवन विविध भावों वाले रंगों से ही तो मिलकर बना हुआ है। कहीं दुःख का धूसर रंग है तो कहीं आनंद का चटख रंग। कहीं वियोग के पनीले रंग हैं तो कहीं प्रेम और मिलन के सुर्ख रंग। लाभ, हानि, संकट, समाधान, रोग, निरोग, शोक, अशोक, सफलता, असफलता सब जीवन के विविध रंग ही हैं। इन्हीं विविधताओं से ही इंद्रधनुषी बनता है जीवन हमारा।

जरा कल्पना करके देखिए यदि इस धरती पर केवल एक ही रंग होता। अंधकार का स्याह रंग या रोशनी का चमकीला रंग। तब एकरसता हमारे जीवन, हमारी दिनचर्या को कितना बोझिल बना देती। यदि हमारी जिंदगी में भी सिर्फ कोई एक ही रंग होता। सिर्फ सुख का चटख रंग या दुःख ही दुःख तो हम सुख-दुःख के रंगों को विलग कर उनके भावों को किस प्रकार समझ पाते? दुःख के स्याह रंग नहीं होते तो सुख के दिनों की पहचान करना भी मुश्किल होता। दुःख के रंग से ही सुख के रंग और निखरते हैं। दुःख हमें सुख की महत्ता को समझाने, उसे अपनी झोली में सहेजने की सीख लेकर आता है। यह विरोधाभास ही एक सार्थक, अनुभव संपन्न जीवन का बेहतरीन उदाहरण है। जीवन में हर भाव, हर रंग का संतुलन साधना आवश्यक है। किसी एक रंग से न तो जीवन बन सकता है और न जीवन में संपूर्णता का आनंद मिल सकता है। जीवन रंगों के इस संतुलन को साधने का नाम है। आशा, उम्मीद, सकारात्मकता, करुणा, प्रेम, उदारता जैसे रंगों की अधिकता हमारे जीवन के एक वृहद हिस्से को उत्सव में तब्दील कर देती है। सिर्फ हमारे जीवन को ही नहीं, हमारे आस-पास रहने वाले लोगों के जीवन में भी खुशी और उल्लास के रंग बिखेरती है।



**समझें रंगों का संदेश:** हर रंग में गहरे सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक अर्थ निहित होते हैं। ये रंग जीवन की अलग-अलग स्थितियों का आईना होते हैं। इस आईने में हम हर रोज खुद को देखते हैं। अलग-अलग भावों को महसूस करते हैं। जैसे प्रकृति में इंद्रधनुष सात रंगों से सजा होता है,



वैसे ही हमारा जीवन भी विभिन्न रंगों का मिश्रण होता है। वास्तव में विभिन्न रंग, हमारे मन की गहराइयों को प्रतिबिंबित करते हैं। जीवन को जितने खुले मन से विभिन्न रंगों में देखेंगे, उतना ही वह रंगीन और अर्थपूर्ण लगेगा। रंग हमें सिखाते हैं कि हर स्थिति स्थायी नहीं होती। जैसे इंद्रधनुष बारिश के बाद निकलता है, वैसे ही दुःख के बाद सुख, क्रोध के बाद शांति, हानि के बाद नई शुरुआत होती है। रंग हमें याद दिलाते हैं कि जीवन को एक रंग में बांधना असंभव है। रंग हमें हंसना सिखाते हैं। प्रेम में पड़ना सिखाते हैं। जीवन की विसंगतियों से लड़ना भी सिखाते हैं। रंगों के जरिए हम अपने भावों, अनुभवों और विचारों को व्यक्त करते हैं। जरूरत बस इतनी है कि हम रंगों के भावार्थ को अपने जीवन में ठीक से उतारें। होली के रंग भी यही संदेश लेकर आते हैं। जीवन आपसी मेलजोल और खुशियों के रंगों का मेला है। इस मेले में से हमें रंग चुनकर अपने जीवन को रंगीन बनाना है। अपने आस-पास की उदासियों को विदा करना है। आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में रंग हमें थोड़ा ठहरने और आत्म मंथन करने की आवश्यकता को बताते हैं। जीवन में रंगों का उल्लास उतारने के लिए थोड़ा ठहरना, हर रंग की तासीर को समझना जरूरी है।

**रंगों में निहित सामाजिकता:** इस रंग पर्व की बेला में हम सब रंगों में निहित सामाजिकता को भी आत्मसात करें, उसे भी प्रत्यक्ष रूप से प्रकट करें। खुशियों की सौगात लेकर आने वाली होली में अपनों को गले लगाएं। जैसे शीत से रूठी प्रकृति को वसंत अपने माधुर्य से मनाता है। पत्ते-पत्ते, कली-कली और पुष्प-पुष्प को अपनी वासंती बयार से गुदगुदाता है। आम्र मंजरियों को अपनी ऊष्मा से महमहाता है, ठीक वैसे ही हम अपने रूठे प्रियजनों को अपने प्रेम, अपनापे की ऊष्मा से मनाएं। एकांत के उदास रंगों में डूबे अपने पड़ोसियों, भाई-बंधुओं से मिलकर उनके जीवन को होली के रंगों से स्पंदित करें। होली तो अजनबियों और शत्रु को भी गले लगाने का संदेश लेकर आती है ताकि हमारे बीच सामूहिकता की भावना जिंदा रहे, ताकि हम एक-दूसरे के साथ के महत्व को समझें और कोमल संवेदनाओं को धारण कर सकें। हमारे बीच सामाजिकता बनी रहे और हम अवसाद, एकाकीपन के दुष्प्रभावों से दूर रह सकें।

रंग वाली होली से एक रात पूर्व, होलिका जलाते हैं। जलती होलिका तो एक प्रतीक मात्र है। असली होलिका तो तब जलेगी जब अपनी चारित्रिक कमजोरियों, असहजताओं, मन की कुंठाओं को भी दहन कर दिया जाए। मन से ईर्ष्या, वैर के बदरंगों की निकासी की जाए और प्रेम के रंग से सराबोर हुआ जाए। तभी तो समाज को विभाजित करने वाली शक्तियों का विध्वंस होगा। ऊंच-नीच की भावना, अमीर-गरीब का अंतर, जाति-धर्म का विभेद सबकी होली जलेगी। यदि होली के रंग में हमारा मन सच्चे अर्थों में रंग जाए तो मन से सारे दूषित विचार निकल जाएंगे। हमारा शरीर नए मनोभाव को धारण कर एकदम तरोताजा महसूस करेगा। भाईचारे के रंग में भीगा मन, बड़ों के लिए सम्मान और छोटों के लिए दुलार से भरा मन, रिश्तों के प्रति आत्मीयता से भरा रंग। तभी होली मनाना सार्थक होगा। कवि हरिवंशराय बच्चन के शब्दों में-

होली है तो आज अपरिचित से परिचय कर लो
होली है तो आज मित्र को पलकों में धर लो
भूल-शूल से भरे वर्ष के वैर, विरोधों को
होली है तो आज शत्रु को बाहों में भर लो। *



रंग, उमंग, तरंग के संग मस्ती भरा धमाल मचाने का संदेश लेकर आता है, होली का पर्व। यही वजह है कि खासतौर पर युवाओं का यह सबसे पसंदीदा त्योहार माना जाता है। होली से युवाओं के जुड़ाव और इसे मनाने के अंदाज पर एक नजर।

# रंग-मस्ती-उमंग के संग युवाओं का होली धमाल

नया अंदाज

शैलेंद्र सिंह

बीते साल के होली वाले दिन की सुबह की घटना है। पुणे के एक अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में गजब की युवा हलचल देखने को मिल रही थी। वीकेंड पर आमतौर पर देर तक सोने वाले युवा उस दिन सूरज की किरणों के उगने के पहले ही जग चुके थे। किसी के हाथ में गुलाल के पैकेट थे, कोई फोन पर प्ले लिस्ट सेट कर रहा था, तो कोई पूछ रहा था, 'पानी वाला रंग लाऊं या सिर्फ ड्राई?' ये सब वही युवा थे, जो सप्ताह भर कॉरपोरेट ऑफिस में प्रजेंटेशन की आपा-धापी में रहते हैं। स्टार्टअप्स की मीटिंग में भविष्य के सपने बुनते हैं और अपने करियर की सीढ़ियां तेजी से चढ़ने की हर कोशिश करते हैं। लेकिन होली का दिन आते ही इनकी पहचान बदल जाती है। होली के दिन ये बेफिक्र और रंगों से सराबोर मस्ती के रंग में डूबे दोस्त बन जाते हैं। यह अकेले पुणे के एक मिडिल क्लास मुहल्ले की कहानी नहीं है। यह समूचे शहरी भारत के ब्राइट करियर वाले युवाओं के होली धमाल की कहानी है।



**होली खेलने में नहीं रहते पीछे:** यह सही है कि आज के शहरी युवा अपने करियर को लेकर जितने गंभीर रहते हैं, उतना ही ध्यान अपने जीवन में उत्सव और संतुलन के लिए भी देते हैं। आईटी प्रोफेशनल मोहन रंगनाथन जो कि साउथ इंडिया से हैं, लेकिन पढ़ाई से लेकर करियर तक उत्तर भारत में गुजारने के कारण होली को भरपूर सेलिब्रेट करते हैं। उनके मुताबिक, 'हम जैसे युवा डेडलाइन और टारगेट में भले उलझे रहते हों, लेकिन होली एक ऐसा दिन है, जब हम बिना किसी दबाव के खुलकर होली खेलते हैं, तब हमें कतई नहीं याद रहता कि हममें प्रोफेशनल कौन है या जूनियर कौन है या सीनियर कौन है? ना ही उस समय हमें अपना वर्क प्रेशर और प्रोजेक्ट की डेडलाइन परेशान करती है। होली के दिन सिर्फ रंग और मस्ती का धमाल होता है।'

दिल्ली में रहने वाली यंग प्रोफेशनल पूनम कहती हैं, 'वास्तव में होली मूड नहीं बल्कि साल भर के लिए मेंटेलिटी को रिसेट करने का त्योहार होता है। यह अकेला ऐसा फेस्टिवल है, जो उत्तर से मध्य ही नहीं लगभग पूरे भारत के हर हिस्से तक हर जगह और हर युवा को रोजमर्रा की जिंदगी की एकरसता से बाहर निकालता है।'

**इसलिए है पसंदीदा त्योहार:** कई ऐसे त्योहार होते हैं, जो कुछ लोग मनाते हैं और कुछ लोग नहीं मनाते। लेकिन होली एक ऐसा त्योहार है, जिसे आप चाहे मनाएं या न मनाएं पर आपको इस दिन पूरी छुट्टी मिलती है। पूरी तरह से आजादी महसूस होती है। इसलिए अपार्टमेंट से लेकर क्लबों तक हर जगह होली, युवाओं को मस्ती और बेफिक्री से जीने को प्रेरित करती है। इसीलिए इसे युवाओं का पसंदीदा पर्व माना जाता है।

**नए रूप में होली की मस्ती:** हाल के दशकों में भारत के बड़े शहरों का पारंपरिक चेहरा बदल गया है। अब 70 और 80 के दशक वाले मुहल्ले नहीं बचे। अब गेटबंद सोसायटियों का चलन है, इसलिए होली के दिन सुबह से ही सोसायटियों में डीजे की धमाल के साथ रूफ टॉप होली के एक से बढ़कर एक वर्जन देखने को मिलते हैं। पूल पार्टी होली, इकोफ्रेंडली होली जैसे नए आयाम भी इस मस्ती के हिस्से बन चुके हैं। बेंग्लुरु में जॉब करने वाले भिलाई के राघव कहते हैं, 'हम युवा लोगों में से अगर कोई होली न भी खेलना चाहे तो मनाने वालों की संख्या ज्यादा होती है और न मनाने वालों की इस मामले में जरा भी नहीं चलती। उन्हें घर से खींचकर होली पार्टी में खींच लिया जाता है। मजेदार बात यह है कि कुछ देर पहले तक खेलने से ना-नुकुर करने वाला बंदा भी कुछ देर में होली के रंगों में सराबोर होकर खेलने लगता है। यही तो इस पर्व की खासियत है।' इससे उलट हावड़ा की रहने वाली कनुप्रिया के मुताबिक पांच सालों से चेन्नई में रहते हुए भी उन्होंने बंगाल की फूलों वाली होली का कल्चर जिंदा रखा है और अब तो उनकी देखा-देखी बहुत से उनके युवा साथी भी होली के दिन फूलों वाली होली बड़े प्यार से खेलते हैं। तेलंगाना के रहने वाले रमेश जो मथुरा में जॉब करते हैं, बताते हैं, 'फूलों की होली में गजब का आकर्षण है। यह खूबसूरत भी है, मस्ती घनघोर भी है और पर्यावरण के अनुकूल भी है।'

दिल्ली में फाइनेंस प्रोफेशनल आरव के मुताबिक 'अब दिल्ली में भी बेंग्लुरु और मुंबई की तरह युवाओं की होली पार्टियां बनती हैं और दिनभर डीजे के साथ होली धमाल होता है। अब होली पर कुछ भी चेहरे पर चुपड़ देना, मिट्टी, गंदगी आदि से होली खेलना धीरे-धीरे चलन से बाहर होता जा रहा है। इसके साथ ही कम से कम भारत के शहरी यंगस्टर्स, जो अपने करियर को लेकर सीरियस और सुरक्षित हैं, मस्ती के इस त्योहार में न केवल नए-नए आयाम जोड़ रहे हैं बल्कि इसके साथ जुड़े डरावने अनुभवों को मनोरंजन से यादगार अनुभव से स्थानांतरित करने लगे हैं।'

**रंगीली होती है वर्चुअल होली:** अब युवाओं द्वारा सोशल मीडिया में भी जमकर होली खेली जा रही है। आज सोशल मीडिया में विशेषकर इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब में होली के दिन जितने इंद्रधनुषी चेहरे दिखते हैं, उतने चेहरे तो सचमुच में आस-पास भी नहीं दिखते हैं। वास्तव में होली एक ऐसा त्योहार है, जिसमें प्राचीनता हो या आधुनिकता, सब एक जैसे और एक ही जगह एकत्र हो जाते हैं। कुल मिलाकर अगर कहें तो भले यह 1980 या 90 की बजाय इक्कीसवीं सदी का तीसरा दशक हो, लेकिन भारत के युवाओं में होली की मस्ती में जरा भी बदलाव नहीं आया है। *



दोहे

श्याम सुंदर श्रीवास्तव 'कोमल'

## हुए गुलाबी गाल

होली में सब हो लिए, तन-मन से रंगीन।
गोपी नाचे झूम कर, ग्वाल बजाए बीन।।
पिचकारी से छूटती, रंगों की रसधार।
प्रेम रंग में डूबकर, करें नेह संचार।।
तरह-तरह के रंग से, भरकर पूरा थाल।
छुई-मुई गोरी हुई, हुए गुलाबी गाल।।
रंग अबीर गुलाल को, लेकर चले गुपाल।
गाएं, बछड़े, कुंज तरु, ग्वाल-बाल सब लाल।।
अंग-अंग थिरकन लगे, बजते ढोल मृदंग।
उठती गिरती ताल पर, फड़क रहे हैं अंग।।
राग-रंग के पर्व पर, छाया है अनुराग।
नाच रही हैं गोपियां, ग्वाले गाएं फाग।।
राधा जी हैं छोड़ती, पिचकारी से धार।
नैन श्याम से मिल गए, धार हुई बेकार।।

हुड़दंग

राजा चौरसिया

## ताऊजी की होली




होली के रंग में भइया
जब घुली भंग की तरंग,
ताऊजी के ठुमके देख
हर कोई रह गया दंग।
टुन्नावस्था में बहककर
ताऊजी सठिया गए
उनका हुड़दंग देखकर
जवान भी शरमा गए।
ताई को जब पता लगा
लेकर दौड़ीं डंडा
ताऊ जान बचाकर भागे
नशा हो गया ठंडा।

हंसी-ठिठोली

राकेश सोहम्

## एआई के संग कार्यालयीन होली के रंग



एआई का जमाना है। सांस्कृतिक धरोहर माने जाने वाले त्योहारों की मिट्टी पलीत हुई पड़ी है। फूलों के रंगों से खेला जाने वाला होली का त्योहार कालांतर में कीचड़ और गोबर से खेला जाता था। फिर केमिकल युक्त रंगों से खेला जाने लगा। हाल ही में ऑर्गेनिक रंगों से खेला जा रहा था। पर एआई के आगमन से वह भी बंद हो गया है। लोग मोबाइल पर होली खेलते हैं। होली की आधिकारिक छुट्टियां भी समाप्त कर दी गई हैं। सरकारी महकमों में प्रतीकात्मक होली मनाई जाती है। हालांकि ऐसे मामलों में महकमों का रवैया अभी भी ढर्रा-सा और खाने-पीने तक सीमित है।

इधर होली के ठीक एक दिन पहले मुख्यालय का आदेश बॉस की फैक्स मशीन के बाहर लटकती हुई जुबान की माफिक झांक रहा था। उन्होंने गुस्से में मशीन की जुबान खींच ली। जैसे अधीनस्थ की खींच लिया करते हैं। पर आदेश को देखते ही बॉस के होंठों पर रसीली मुस्कान तैर गई। आंखों में रंग अठखेलियां करने लगे। फौरन सेक्रेटरी को फोन घुमाया, 'रंगीली जी..आइए।' मिस रंगीली चौंक गईं। टेढ़े बॉस के मीठे बोल! दिलो-दिमाग में 'ये क्या हुआ, कैसे हुआ, कब हुआ..' का प्रश्न वाचक संगीत बजने लगा। 'मिस रंगीली' से 'रंगीली जी'! बॉस ने कक्ष में बिखरी खुशबू को सांसों में समेटा और बोले, 'हाय रंगीली.. हैप्पी होली।' फिर रुक गए। मिस रंगीली के हाथ से मोबाइल गिर गया। ऐसी धृष्टता? बॉस ने कनखियों से भांपा और लंबा पॉज लेकर बोले, 'हैप्पी ..सॉरी.. ऑफिस में होली सेलिब्रेशन का आदेश आया है। कल होली है। सो कार्यालयीन सभाकक्ष में सेलिब्रेशन सुनिश्चित करें। सेलिब्रेशन की रिपोर्ट भी कल ही भेजनी है।' मिस रंगीली ने मोबाइल उठाया और चंपत हो लीं।

दूसरे दिन कार्यालय का सभा कक्ष खुशबुओं से महक रहा था। दीवारों पर रक्ताभ दिलनुमा गुब्बारे झूल रहे थे। बॉस की कुर्सी के पीछे स्क्रीन पर रंगों की फुहार के साथ 'हैप्पी-होली' की लिखावट उछल रही थी। सभा कक्ष खचाखच भरा हुआ था। हमेशा लेट-लतीफ पहुंचने वाले अधिकारी भी समय पूर्व पहुंच गए थे। बेहद जरूरी बैठकों का बहिष्कार करने वाले अड़ियल टाइप के अधिकारी सजे-धजे सभा कक्ष में मौजूद थे। किसी को रंग लगने-लगाने की चिंता नहीं थी क्योंकि होली एआई के माध्यम से मोबाइल पर खेली जानी थी।

कार्यक्रम का संचालन कार्यालय के जबरिया कवि प्रेम रोगी जी कर रहे थे। शुरुआत मिस कंटीली द्वारा बॉस के मोबाइल पर लाल रंग के दिलनुमा गुब्बारे को भेजकर किया गया। जैसे ही डिजिटल गुब्बारा बॉस की मोबाइल स्क्रीन पर फूटा उनकी बत्तीसी बाहर गिरने को हो आई। बॉस ने सभी को कलर्ड अंगूठे की इमोजी प्रेषित की। प्रत्युत्तर में लोगों ने 'हाथ-जोड़े' और 'गुलाली-टीके' की इमोजी भेज दी। प्रेम रोगी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बोले, 'मुख्यालय के निर्देशानुसार, किसी को दुःख पहुंचाए बिना आप एक-दूसरे को एआई के माध्यम से डिजिटल रंग डाल सकते हैं। प्रेम का संदेश जाना चाहिए बस। बहरहाल, मैं कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से बता देना चाहता हूं।'

प्रेम रोगी जी ने 'रूपरेखा' और 'चाहता हूं' पर विशेष जोर दिया तो सभी की नजरें बैठक में उपस्थित खूबसूरत सहकर्मी 'रूपरेखा' की ओर घूम गईं। रूपरेखा ने उनको आड़े हाथों लिया। उन्होंने फट से एक डॉगी की इमोजी रोगी जी को भेज दी और गुस्से में पांव पटकते हुए सभाकक्ष से बाहर हो गईं। इसी दौरान एक चिढ़े हुए अधिकारी ने दूसरे अधिकारी की उड़ते नोटों के बीच रिश्वत से रंगे हाथों वाली तस्वीर एआई से बनाकर साझा कर दी। मामला इतना गर्मा गया कि बॉस को इसे अपने संज्ञान में लेना पड़ा।

सभा कक्ष में 'होली के रंग एआई के संग' का दौर चलता रहा। भले ही वहां एआई के माध्यम से बनावटी होली खेली जा रही थी पर टेबल के बीचों-बीच गरमा-गरम समोसे और लजीज गुझिए एकदम असली थे। सो खाने-पीने का दौर बाकायदा चलता रहा। हैप्पी होली! *

विज्ञापन...

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

नोट :- वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष के ऊपर) का उपचार मात्र 12 हजार रुपए में।

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आइये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–



केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से स्पाइन के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ प्रमोद पहारिया अवार्ड प्राप्त करते हुए।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है ?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन– सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466
www.nonsurgicalspinecentre.in

# उमंग-उत्साह से मनाई जाती है
# पूर्वी-पूर्वोत्तर भारत में होली

होली एक ऐसा त्योहार है, जो देश के विभिन्न राज्यों में वहां की परंपरा, संस्कृति और मान्यताओं के अनुसार अलग-अलग ढंग से मनाया जाता है। लेकिन पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में होली की अलग ही छटा, उमंग और उल्लास देखते ही बनता है! यहां मनाई जाने वाली होली पर एक नजर।


शांति निकेतन का विश्व प्रसिद्ध बसंत उत्सव


ओडिशा की डोला पूर्णिमा में झूमते लोग

पर्वोल्लास
**शिखर चंद जैन**

हालांकि होली का रंग-बिरंगा धार्मिक-सांस्कृतिक त्योहार पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है, लेकिन पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों की होली के रंग और ढंग जरा अलग ही दिखते हैं। इन राज्यों में होली का स्वरूप कुछ अधिक सांस्कृतिक, पारंपरिक और कलात्मक होता है। यहां इसे अलग-अलग राज्यों में विशिष्ट नामों और रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है।

**पश्चिम बंगाल की दोल जात्रा:** पश्चिम बंगाल में होली को 'दोल पूर्णिमा' या 'दोल जात्रा' कहते हैं। इस दिन स्थानीय लोग राधा और कृष्ण की मूर्तियों को एक पालकी (झूला) में सजाकर घुमाते हैं। लोग केसरिया या सफेद परिधान पहनकर फूलों के गहने धारण करते हैं और 'अबीर' (यहां गुलाल को यही कहते हैं) से खेलते हैं। होली के अवसर पर बंगाल के शांति निकेतन का वसंत उत्सव तो विश्व प्रसिद्ध है। रबींद्रनाथ टैगोर द्वारा शुरू किया गया यह उत्सव नृत्य और रबींद्र संगीत के साथ मनाया जाता है। छोटे बच्चे बड़ों के चरणों में गुलाल लगाकर आशीर्वाद लेते हैं।


असम का डोल उत्सव

**असम का डोल उत्सव:** असम के बारपेटा में इस त्योहार का बहुत ही जीवंत और पारंपरिक रूप देखने को मिलता है। असम में इसे 'फगुआ' या 'डोल जात्रा' के नाम से भी जाना जाता है। बारपेटा में यह उत्सव 3 से 5 दिनों तक अत्यंत भव्यता के साथ मनाया जाता है। इसे 'द्वितीय वैकुंठ की होली' भी कहा जाता है। यहां भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे पारंपरिक होली गीत गाए जाते हैं। उत्सव की शुरुआत 'मेजी' (बांस और फूस की संरचना) जलाकर की जाती है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

**ओडिशा की डोला पूर्णिमा:** ओडिशा में होली का पर्व, भगवान जगन्नाथ (डोला गोविंद) और राधा-कृष्ण को समर्पित है। गांव-गांव में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को सजावटी पालकियों (विमान) में रखकर शोभायात्रा निकाली जाती है। इस दिन मंदिरों में नया 'पंजी' (ओड़िया कैलेंडर) पढ़ा जाता है। लोग पारंपरिक संगीत और मृदंग की थाप पर नृत्य करते हैं।

**अरुणाचल प्रदेश का सांगकेन उत्सव:** यहां होली के आस-पास बौद्ध समुदाय द्वारा 'सांगकेन' मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से खामती और सिंगफो जनजातियों का त्योहार है, जो अप्रैल में नए साल के स्वागत के लिए मनाया जाता है। उत्सव के दौरान भगवान बुद्ध की मूर्तियों को मंदिर से बाहर लाकर औपचारिक रूप से पवित्र जल से स्नान कराया जाता है। लोग एक-दूसरे पर


अरुणाचल प्रदेश में मनाते हैं अनोखी होली सांगकेन

पवित्र जल छिड़कते हैं, जिसे शांति, पवित्रता और पिछले पापों को धोने का प्रतीक माना जाता है।

**झारखंड की फगुआ होली:** झारखंड में भी होली 'फगुआ' के नाम से मनाई जाती है। इस अवसर पर आदिवासी समुदाय के लोग सेमल की डाली जलाकर उसके चारों ओर नृत्य करते हैं और रंग की जगह लाल मिट्टी या राख का तिलक लगाते हैं। बरही (हजारीबाग) जैसे इलाकों में पत्थरों से होली खेलने की दशकों पुरानी परंपरा है। संथाल समुदाय में इस दौरान 'बाहा' उत्सव मनाया जाता है, जिसमें फूलों और फलों को अर्पित कर प्रकृति के साथ खुशियां मनाई जाती हैं। झारखंड की होली में धुस्का, अरसा रोटी और मालपुआ मुख्य रूप से


झारखंड की फगुआ होली का आनंद लेते लोग

पकाए-खाए जाते हैं। मुख्य होली के अगले दिन बुजुर्गों के सम्मान में झारखंड के कई हिस्सों में 'बुढ़वा होली' मनाई जाती है, जिसमें फगुआ मंडलियां घर-घर जाकर गायन करती हैं। उत्सव के दौरान मस्ती को बढ़ाने के लिए दूध, मेवे और भांग से बनी ठंडाई का सेवन किया जाता है।


मणिपुर की याओसांग होली में दिखते हैं लोकरंग

**मणिपुर की याओसांग होली:** मणिपुर में 6 दिनों तक चलने वाली याओसांग होली, थबल चोंगबा नृत्य और पारंपरिक लोक गीतों के साथ मनाई जाती है। यह होली स्थानीय परंपराओं और हिंदू धर्म का एक खूबसूरत मिश्रण है। मणिपुरी युवा पारंपरिक गीतों और ड्रम की थाप पर थबल चोंगबा लोक नृत्य करते हैं। पहले दिन पुआल से बनी एक छोटी झोपड़ी जलाई जाती है, जिसे 'याओसांग मेई थाबा' कहते हैं। इस अवसर पर बच्चे घर-घर जाकर दान मांगते हैं, जिसे 'नाकाथेंग' कहा जाता है। मणिपुर में इस दौरान खेलकूद का आयोजन भी किया जाता है।


त्रिपुरा में पारंपरिक तरीके से मनाते हैं होली

**त्रिपुरा में पौराणिक परंपराएं:** त्रिपुरा में होली पर पौराणिक मान्यताओं का प्रभाव नजर आता है। यहां होली को बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें बंगाली और स्थानीय जनजातीय संस्कृति का मिश्रण दिखता है। यहां लोग एक-दूसरे को 'अबीर' लगाते हैं और राधा-कृष्ण की पूजा करते हैं। जमातिया जैसी जनजातियां अपनी पारंपरिक लोक संस्कृति और नृत्यों के साथ इस त्योहार को बहुत उत्साह से मनाती हैं। *

हंसी-ठिठोली
**पूरन सरमा**

# बुरा मानिए होली है!

होली पर बुरा इसलिए भी मानिए कि पड़ोसी 'भाई साहब-भाई साहब' कहता हुआ आपके घर में घुसेगा और आपकी पत्नी से होली खेलने लगेगा। इसलिए अपनी पत्नी को ऐसे मनचलों से बचाइए।



यही तो बात है बुरा मानने की, कि आज होली है। यह कोई न्यू ईयर या वैलेंटाइंस-डे थोड़े ही है, जो बुरा न मानें। यह होली है होली, जिसमें रंग के नाम पर कीचड़ पोता जा रहा है और शुभकामनाओं के नाम पर दी जा रही हैं, खुलेआम गाली। वैर-भाव और ऊंच-नीच का भेदभाव, मिटाने की एवज उसे दोगुना कर देती है होली। इसलिए सामने वाले पर गुस्सा कीजिए ताकि वह अपनी औकात में रहे। मुझे पता है वह बुरा न मानो होली है, का नारा देकर अपने भीतर की तमाम खटास निकालेगा, इसलिए उसको मौका ही क्यों दिया जाए कि वह आपकी साफ-सुथरी पोशाक को बदरंग बना दे और आपकी एकदम स्वच्छ छवि पर कालिख पोत जाए।

होली पर बुरा इसलिए भी मानिए कि पड़ोसी 'भाई साहब-भाई साहब' कहता हुआ आपके घर में घुसेगा और आपकी पत्नी से होली खेलने लगेगा। पत्नी के जिन गालों पर हाथ लगाते हुए आप खुद तीन बार सोचते हैं, वह 'भाभीजी-भाभीजी' कहता हुआ उनके गालों को लाल कर देगा। महिलाओं के साथ ऐसा बर्ताव बदतमीजी में माना गया है, इसलिए होली पर बुरा मानिए और अपनी पत्नी को ऐसे मनचलों से बचाइए।

बुरा मानने की बात इसलिए भी है कि वह अभी आप द्वारा परोसी गई तमाम मिठाइयां और गुझिया को एक ही पल में चाट जाएगा और आपके मासूम, माल खाने को तरस जाएंगे। बच्चों का हक बचाना है तो होली पर नाराज रहिए ताकि कोई इसके बहाने आपके घर मेहमान बनकर भी न आ सके।

आपका माल मार रहा है और आप बुरा भी न मानें, यह नितांत गलत है। मान लिया आपके रंग लगाने तक तो बात चल भी जाए, लेकिन उसने होली के बहाने आपके कुर्ता-पाजामा को तार-तार कर दिया है और आप भिखारी की भूमिका में आ गए हैं, तो आप क्या बुरा नहीं मानेंगे? अवश्य बुरा मानिए, उसने कृत्य ही ऐसा किया है। यही नहीं, उसने आसानी से न उतरने वाला रंग आपके चेहरे पर पोतकर आपको लंगूर बना दिया है और आपकी पत्नी को आपका यह स्वरूप किंचित भी रास नहीं आ रहा है तो आप बुरा न मानकर और करेंगे भी क्या? यह ढप पर धमाल गाती हुई मंडली, जो आपके घर के बाहर शोर मचा रही है, उस पर ध्यान और कान दीजिए, बहुत ही अश्लील गीत से आपकी खिल्ली उड़ा रही है और आप बुरा भी नहीं मानें!

बुरा आप नहीं तो क्या आपका पड़ोसी मानेगा, जो आपसे जला-भुना यह सब कौतुक करवा रहा है। पड़ोसी की नीयत किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। वह आपकी जीवनशैली और वैभव से दुखी हुआ बैठा है और आपको जलील करवा कर प्रसन्न हो रहा है। उसकी प्रसन्नताओं को अंगूठा दिखाने के लिए बुरा अवश्य मानिए। यह जो भाईचारा और सद्भाव की बात की जा रही है, यह कोरा नाटक है। यही क्यों, आप जिन्हें अपना अंतरंग समझकर 'हैप्पी होली' कहने जा रहे हैं, वे आपको भांग या शराब मिलाकर पता नहीं कौन-सी विडियो बनाकर ब्लैकमेल करना चाहते हैं।

सरकार से इसलिए, नाराज होइए, जो उसने होली के आस-पास ही आपके बच्चों के फाइनल एग्जाम भी रख दिए हैं। बच्चे होली खेलें या परीक्षा की तैयारी करें, यह बुरा मानने की बात नहीं तो और क्या है?

आपकी छुट्टी भी मात्र दो दिन की आई है। बंदरों की सी शक्ल लेकर आपको ड्यूटी पर पहुंचना है। रंग उतारने के लिए कम से कम एक सप्ताह का अवकाश तो मिलना ही चाहिए था। यह भी बुरा मानने वाली बात है या नहीं! *

फुहार
**सूर्यकुमार पांडेय**

# जोगीरा सारा-रारा



संयम के शोरूम की, सेल हो गई फेल।
अल्हड़पन के काउंटर, पर है ठेलम-ठेल।।
जोगीरा सारा-रारा।
इस मौसम में बंद है, नफरत का बाजार।
होलसेल में इश्क लो, और रिटेल में प्यार।।
जोगीरा सारा-रारा।
गोरी छज्जे पर खड़ी, रंग रही है फेंक।
नीचे टोली भीगती, आंख रही है सेंक।।
जोगीरा सारा-रारा।
वाट्सएप-इंस्टाग्राम पर, बढ़ी कलर की झील।
यू-ट्यूबर सारे जुटे, बना रहे हैं रील।।
जोगीरा सारा-रारा।
बेबी तुम हो चार्मिंग, बाबू तुम हो क्यूट।
है होली की आड़ में, छेड़छाड़ की छूट।।
जोगीरा सारा-रारा।
गले मिलें सब प्रेम से, रंग की हो बरसात।
आज न होगी एक भी, राजनीति की बात।।
जोगीरा सारा-रारा।

फीलिंग्स

रंग-उमंग, प्यार और अपनेपन का त्योहार होली, हम सभी पूरे उत्साह से मनाते हैं। टीवी आर्टिस्ट्स भी होली सेलिब्रेट करने में पीछे नहीं रहते हैं। यहां कुछ टीवी आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि वे किस तरह होली सेलिब्रेट करते हैं? साथ ही यह भी बता रहे हैं कि उन्हें होली की सबसे प्यारी खासियत क्या लगती है?

# रंग-बिरंगा होली सेलिब्रेशन

## सिर्फ चेहरे नहीं, रिश्तों को भी रंग देती है होली


प्रियंवदा कांत

**एंड टीवी** पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'घरवाली-पेड़वाली' में लतिका का रोल प्ले कर रहीं प्रियंवदा कांत को किस तरह होली मनाना पसंद है, पूछने पर वह बताती हैं, 'मैं होली परिवार और करीबी दोस्तों के साथ मनाना पसंद करती हूं। मेरे लिए होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि अपनों के साथ वक्त बिताने का मौका भी होता है। हम सब साथ में ऑर्गेनिक रंगों से होली खेलते हैं, म्यूजिक, डांस के साथ ही घर की बनी गुझिया और ठंडाई का आनंद भी लेते हैं। इस बार भी प्लान है कि सुबह घर पर पूजा के बाद दोस्तों के साथ छोटी-सी होली पार्टी रखूंगी। होली वाले दिन अगर शूट रहा तो पूरी टीम के साथ थोड़ी मस्ती जरूर करूंगी।' होली की सबसे प्यारी खासियत क्या लगती है? इस पर प्रियंवदा कहती हैं, 'इस दिन न कोई बड़ा होता है न छोटा। सारी दूरियां, सारी नाराजगी मिट जाती है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि जिंदगी में रंग भरने के लिए दिल भी रंगीन होना चाहिए। सारे भेदभाव मिटाकर लोग एक-दूसरे को गले लगाते हैं। होली सिर्फ चेहरे नहीं, रिश्तों को भी रंग देती है और यही इस फेस्टिवल की सबसे प्यारी खासियत मुझे लगती है।' *

## होली जीवन को आनंद से भरने का दिन है


करुणा पांडे

**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' की पुष्पा रांडेरिया पटेल की मुख्य भूमिका निभा रहीं करुणा पांडे के घर-परिवार में होली पारंपरिक अंदाज में मनाई जाती है, वह बताती हैं, 'मैं उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र से हूं, जहां होली बहुत ही संगीतमय और शालीन तरीके से मनाई जाती है। हमारे यहां 'बैठकी होली' होती है, जहां लोग महफिल के लिए इकट्ठा होते हैं। हारमोनियम और ढोलक बजाते हैं, पारंपरिक गीत गाते हैं, गुझिया और ठंडाई का आनंद लेते हैं। इसके साथ ही शालीनता से एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। यह सांस्कृतिक और संगीतमय उत्सव मेरे दिल के बहुत करीब है। जहां तक इस बार होली सेलिब्रेशन की प्लानिंग की बात है तो चूंकि हम डेली सोप की शूटिंग कर रहे हैं, इसलिए पहले से कोई योजना बनाना मुश्किल होता है।

इस साल भी, मैं शायद मुंबई में ही होली मनाऊंगी।' करुणा को होली की कई सारी बातें बहुत ही खास लगती हैं, वह कहती हैं, 'होली की सबसे खूबसूरत बात इसके रंग हैं। रंग जीवन में सकारात्मकता और चमक लाते हैं। इस दिन लोग अपने मतभेद भुलाकर आशा और खुशी के साथ एकजुट होते हैं। यह सिर्फ रंगों से खेलने का दिन नहीं है, बल्कि जीवन को आनंद और नई ऊर्जा से भरने का भी दिन है। यही खासियत होली को मेरे लिए सचमुच खास बनाती है।' *

## रिश्तों को संवारने का खूबसूरत अवसर देती है होली


रजत वर्मा

**सोनी सब** के सीरियल 'इत्ती सी खुशी' में विराट वर्मा का रोल निभा रहे रजत वर्मा अपने होली सेलिब्रेशन के बारे में बताते हैं, 'मेरे लिए होली बचपन में मस्ती से शुरू होकर अब परिवार के साथ सादगी और अपनेपन में ढलती हुई सी हो गई है। पहले मैं बहुत होली खेलता था। लेकिन सच कहूं, तो अब धीरे-धीरे रंगों से खेलने का मेरा मन कम ही होता है। अब मैं अकसर होली के बाद होने वाली पार्टियों में ही जाता हूं। वहां दोस्तों से मिलना, उनके साथ बेशकीमती समय बिताना और त्योहार के माहौल को खुलकर महसूस करना ही काफी लगता है।' इस बार की होली रजत के लिए खास होने वाली है, वह बताते हैं, 'इस बार की होली मेरे लिए बहुत ही खास है, क्योंकि मेरे मम्मी-पापा आए हुए हैं। इसलिए हमने तय किया है कि हम कहीं बाहर घूमने जाएंगे, साथ में डिनर करेंगे और परिवार के साथ इस दिन को यादगार बनाएंगे।' होली की कुछ बातें रजत को बेहद खास लगती हैं, वह कहते हैं, 'होली लोगों को एक-दूसरे से मिलने का मौका देती है। होली सिर्फ रंगों का खेल नहीं, बल्कि समय के साथ बदलती हमारी सोच का आईना भी है। होली रिश्तों को संवारने का खूबसूरत अवसर भी देती है।' *

## दिलों को जोड़ने का त्योहार है होली


कुशाग्र दुआ

**सन नियो** के शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में गर्व का किरदार निभा रहे कुशाग्र दुआ के लिए होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि बचपन की शरारतों, दोस्तों की मस्ती और नए रिश्तों का त्योहार है। उनके लिए हर होली अपने साथ कोई न कोई खास याद जरूर लेकर आती है। अपने होली सेलिब्रेशन के बारे में कुशाग्र बताते हैं, 'मैंने हर साल अपने खास दोस्तों के साथ होली मनाई है, चाहे मैं मुंबई में रहूं या कहीं और। हम लोग आमतौर पर दोपहर करीब दो बजे से होली खेलना शुरू करते हैं। उसके बाद शाम छह-सात बजे तक रंग, डांस और खूब धमा-चौकड़ी चलती है। हम सब मिलकर गुलाल या ऑर्गेनिक रंगों से ही होली खेलते हैं।' कुशाग्र को होली की कुछ बातें बेहद पसंद हैं, वह बताते हैं, 'इस दिन अनजान लोग भी अपने लगने लगते हैं। आम दिनों में हम सब अपने-अपने काम में व्यस्त रहते हैं। लेकिन होली एक ऐसा त्योहार है, जो हमें थोड़ा खुलकर जीना सिखाता है। इस दिन अनजान लोगों के साथ भी एक रिश्ता बनता है। मेरे लिए होली सिर्फ रंगों का खेल नहीं है, बल्कि यह दिलों को जोड़ने का त्योहार भी है।' *


शोले


बद्रीनाथ की दुल्हनिया


जॉली एलएलबी-2


डर

सिने ट्रेंड
**हेमंत पाल**

होली का पर्व भारतीय समाज की उत्सवधर्मिता को प्रकट करता है। यही वजह है कि हिंदी फिल्मों के गीतों में भी लोक-परंपरा, उमंग और उत्साह भरे इस पर्व की झलक खूब देखने को मिलती है। कुछ ऐसे ही फिल्मी होली-गीतों पर एक नजर, जिनके बजते ही होली मनाने का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है।

# फिल्मी गीतों में खूब बिखरे हैं होली के रंग

भारतीय संस्कृति में होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि रिश्तों के जुड़ाव, राग और सौहार्द का पर्व भी है। यही कारण है कि हिंदी सिनेमा में भी इस पर्व को केवल एक दृश्य उत्सव की तरह नहीं, बल्कि भावनाओं के स्वरूप में भी प्रस्तुत किया जाता रहा है। समय के साथ तकनीक बदली, रंगीन फिल्में आईं, संगीत की शैली बदली, लेकिन होली गीतों की मस्ती, छेड़छाड़, प्रेम और सामाजिक संकेतों की परंपरा कायम रही। हिंदी फिल्मों में होली गीत केवल उत्सव का दृश्य नहीं होते। वे अकसर कहानी के महत्वपूर्ण मोड़ का संकेत देते हैं। कई बार नायक-नायिका का प्रेम होली के बहाने खुलकर सामने आता है, तो कभी दुश्मनी या षड्यंत्र की भूमिका तैयार होती है। होली का रंग सामाजिक बंधनों को तोड़ने का प्रतीक भी कई फिल्मों में बना है।


बागबान

**समय के साथ बदलता गया ताना-बाना:** ब्लैक एंड व्हाइट से लेकर डिजिटल सिनेमा तक की यात्रा में तकनीक ने होली गीतों को ज्यादा भव्य बना दिया। संगीत के स्तर पर जहां पहले शास्त्रीय और लोकधुन प्रधान होली गीत हुआ करते थे, वहीं आज फ्यूजन और इलेक्ट्रॉनिक संगीत का बोलबाला है। वर्ष 1950 के ग्रामीण और पारंपरिक उत्सव से लेकर आज के ग्लैमरस और वैश्विक मंच तक, होली गीतों ने हर दौर में खुद को ढाला है।

**शास्त्रीयता-लोकधुनों की झलक:** वर्ष 1950 और 60 के दशक में जब फिल्में ब्लैक एंड व्हाइट हुआ करती थीं, तब भी फिल्मों में होली गीतों का विशेष स्थान था। उस समय होली के गीत लोकधुनों और शास्त्रीय संगीत पर आधारित होते थे। 'मदर इंडिया' का गीत 'होली आई रे कन्हाई' होली के पारंपरिक उत्सव और ग्रामीण भारत की झलक प्रस्तुत करता है। इसी तरह 'कोहिनूर' का लोकप्रिय गीत 'तन रंग लो जी आज मन रंग लो' शास्त्रीयता और उत्सवधर्मिता का सुंदर संगम है। इन गीतों में ढोलक, मंजीरा, हारमोनियम जैसे वाद्य प्रमुख रहे। कैमरा तकनीक सीमित थी, लेकिन लोक वेशभूषा और भावनात्मक अभिनय से इन गीतों में होली का माहौल सजीव कर दिया गया।

**रंगीन फिल्मों में बढ़ी होली गीतों की रंगीनियतः** जब सिनेमा रंगीन हुआ तो होली गीतों ने सचमुच रंगों की बौछार कर दी। 1975 में आई फिल्म 'शोले' का गीत 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं' आज भी होली पर जरूर बजाया जाता है। यह गीत केवल उत्सव नहीं, बल्कि कहानी के भीतर रिश्तों की गर्माहट और आगामी संघर्ष की भूमिका भी तैयार करता है। इसी तरह अमिताभ बच्चन की यादगार फिल्म 'सिलसिला' का गीत 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली' जिसे अमिताभ ने खुद अपनी आवाज दी, प्रेम, छेड़छाड़ और सामाजिक बंधनों के बीच पनपती भावनाओं को दर्शाता है। इसी तरह कटी पतंग का गीत 'आज न छोड़ेंगे बस हमजोली' प्रेम और चुलबुलेपन का प्रतीक बन गया।

**नए दौर का होली गीत-संगीतः** वर्ष 1990 के बाद हिंदी सिनेमा में व्यावसायिकता और भव्यता बढ़ी। होली गीत अधिक चटकीले, नृत्य प्रधान और बड़े सेट्स पर फिल्माए जाने लगे। शाहरुख खान की फिल्म 'डर' का गीत 'अंग से अंग लगाना' होली के अवसर पर रोमांस और जुनून का मिश्रण प्रकट करता है। वहीं 'बागबान' में 'होरी खेले रघुवीरा' गीत के जरिए पारिवारिक और पारंपरिक होली की झलक दिखाई देती है।

**खूब पॉपुलर हुए नए प्रयोगः** साल 2000 के बाद से होली गीतों में पारंपरिकता के साथ पॉप और रॉक का मिश्रण देखने को मिलता है। 2017 में आई 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' का टाइटल ट्रैक और होली आधारित गीत 'कुर्ती पे तेरी मलूं गुलाल' ने यह दिखाया कि अब होली गीत सिर्फ ग्रामीण या पारंपरिक नहीं, बल्कि शहरी और ग्लैमरस रूप में भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। 'जॉली एलएलबी 2' के गीत 'गो पागल' में पार्टी कल्चर और होली का मेल देखने को मिलता है। 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' का गीत 'लहू मुंह लग गया' होली के रंगों को प्रेम और नाटकीयता के साथ प्रस्तुत करता है। 'ये जवानी है दीवानी' का होली गीत 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हुआ। इस गीत में होली की मस्ती के साथ प्यार और दोस्ती का रंग भी दिखता है। *


कटी पतंग

## खबर संक्षेप

### मार्च- मई के बीच अधिकांश हिस्सों में लू का कहर

**नई दिल्ली।** इस साल मार्च से मई महीने के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में लू से प्रभावित दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी ने शनिवार को अपने मासिक पूर्वानुमान में यह जानकारी दी। इन क्षेत्रों में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दक्षिणी और पूर्वी महाराष्ट्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिमी बंगाल में गंगा के मैदान, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तरी कर्नाटक और उत्तरी तमिलनाडु के कुछ हिस्से शामिल हैं। आईएमडी ने कहा, मार्च-अप्रैल-मई के दौरान सामान्य से अधिक दिनों तक लू के प्रकोप की आशंका सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल संसाधनों, बिजली की मांग और आवश्यक सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकती है।

### काला जठेड़ी और ओम प्रकाश गैंग का बदमाश अरेस्ट

**नई दिल्ली।** द्वारका एएटीएस ने काला जठेड़ी व ओम प्रकाश गैंग के एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। मनीष उर्फ मिशु (19) ने अपने एक जानकार से करीब 16-17 दिन पहले तीन पिस्टल व 10 कारतूस खरीदे थे। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। पूछताछ में इसने बताया कि वह गैंग के अन्य सदस्यों को हथियार सप्लाई करता था। पुलिस ने इसके पास से दो पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार एएटीएस स्टाफ को जिले और आसपास के इलाकों में चल रहे ऑर्गेनाइज्ड क्रिमिनल गैंग्स और उनकी गतिविधियों पर रोक लगाने का काम सौंपा गया था। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि द्वारका नाला रोड, मेट्रो पिलर नंबर पी-9, हरि विहार के पास बदमाश पहुंचेगा। ट्रैप लगा संदिग्ध बदमाश को पकड़ा गया। उसकी तलाशी लेने पर दो पिस्टल व पांच कारतूस बरामद हुये। आरोपी ने पुलिस को बताया कि एक मामले में वह जेल में बंद हुआ था। इसी दौरान उसकी मुलाकात गैंगस्टर ओम प्रकाश उर्फ काला झरोड़िया से हुई। इसके बाद वह उसके लिए काम करने लगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## गरियाबंद में नकद के साथ ही भारी मात्रा में हथियार बरामद

# नक्सलियों के हथियार और 46 लाख बरामद

**सूचना के आधार पर 28 फरवरी को संयुक्त टीम को चिन्हित स्थान पर रवाना किया गया, पहाड़ी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से डंप सामग्री बरामद की गई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिले के ग्राम बडेगोबरा के सांपसाटी जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए माओवादियों द्वारा डंप कर छिपाकर रखी गई 46 लाख 31 हजार 500 रुपए की नकद राशि, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, आर्म्स-एम्युनेशन और हथियारों का जखीरा बरामद किया है। यह संयुक्त कार्रवाई जिला पुलिस बल गरियाबंद की ई-30 ऑप्स टीम और डीआरजी धमतरी द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों से पूछताछ में प्रतिबंधित संगठन सीपीआई के धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिविजन के शीर्ष नेताओं द्वारा उक्त क्षेत्र में डंप छिपाकर रखने की जानकारी मिली थी। सूचना के आधार पर 28 फरवरी को संयुक्त टीम को चिन्हित स्थान पर रवाना किया गया। सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान पहाड़ी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से डंप सामग्री बरामद की गई।




**यह हुआ बरामद**

46,31,500 रुपए नकद, एक भरमार बंदूक, 33 भरमार राउंड, एक सुरका राइफल, 32 बीजीएल सेल, एक लैपटॉप, दो मोबाइल, इंसास, एसएलआर, एके-47 और .303 सहित विभिन्न हथियारों के कुल सैकड़ों राउंड, 13 इलेक्ट्रॉनिक और 10 नॉन-इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर के अलावा बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य और अन्य सामग्री।

### भालूडिग्गी पहाड़ में होता था नक्सलियों का डेरा

चलपति भालूडिग्गी पहाड़ से धमतरी, नुआपड़ा और गरियाबंद जिले को कंट्रोल करता था। ये पहाड़ नक्सलियों का डेरा होता था, हालांकि अब यहां एक भी नक्सली नहीं बचे हैं। मामला मैनपुर थाना क्षेत्र का है। पहले डंप से बरामद कैश में 2 लाख के 2 हजार के पुराने नोट और बाकी 500 रुपए के नोट हैं। दूसरे डंप में ग्रेनेड, बंदूक, हथियार थे।

## 'बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 15 की मौत, 30 घायल'

एजेंसी ▸▸ ला पाज



बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गईं। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आईं। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए। हादसे के बाद एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

**खराब मौसम के कारण रनवे से फिसला**

## 'एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम के लिए पर्याप्त बजट दें'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



**राहुल गांधी ने लिखा वित्त मंत्री सीतारमण को लेटर**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। उन्होंने सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर हस्तक्षेप की मांग की है। 25 फरवरी 2026 को लिखे लेटर में राहुल ने एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने और दिव्यांगता पेंशन पर लगाए गए नए आयकर प्रावधान को वापस लेने मांग की। राहुल ने लिखा है कि एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना है, लेकिन यह गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने देश की सेवा की, वे आज खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इस लेटर एक कॉपी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी भेजी गई है।

दरअसल, राहुल गांधी डिफेंस की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य हैं। वे लगातार एक्स-सर्विसमेन के लिए सरकारी सुविधाएं बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

**यह उठाए मुद्दे**

- 12 हजार करोड़ से ज्यादा के मेडिकल बिल पेंडिंग
- बजट आवंटन आवश्यकता से लगभग 30% कम
- भुगतान न होने के कारण कई अस्पताल योजना से बाहर हो रहे हैं।
- पूर्व सैनिकों को इलाज के लिए अपनी जेब से खर्च करना पड़ रहा

**तीन साल पहले युवक पर किया गया था हमला**

## हिस्ट्रीशीटर मैडी सहित 13 आरोपियों को 7 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर



जिला न्यायालय ने तीन साल पहले होटल हैवन्स पार्क के सामने एक युवक के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला करने के मामले में हिस्ट्रीशीटर रितेश निखारे उर्फ मैडी सहित 13 आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई है। 7 मई 2023 को चकरभाठा निवासी भास्कर वर्मा टेलीफोन एक्सचेज रोड स्थित हेवन्स पार्क के बार गए थे। रात 2 बजे उनका दोस्त नवीन गोस्वामी उन्हें लेने के लिए बाहर आया, फोन करने पर भास्कर वर्मा बार से बाहर निककर डिवाइडर के सड़क के दूसरी ओर गए। यहां पहले से घात लगाए बैठे जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी हिस्ट्रीशीटर रितेश निखारे उर्फ मैडी एवं उसके साथियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, आरोपियों ने उन्हें दौड़ाकर मारपीट करते हुए साइकिल चैन स्पाकेट जैसे हथियार से मारा। खूनी संघर्ष का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हुआ था। फुटेज के आधार पर तत्कालीन तारबाहर टीआई मनोज नायक ने स्टाफ के साथ मुंगेली में दबिश देकर रितेश निखारे उर्फ मैडी सहित 13 आरोपियों को गिरफ्तार हथियार जब्त कर लिया था, पुलिस ने जांच के बाद मामले का चालान कोर्ट में पेश किया। 28 फरवरी 2026 को विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी

**ईडी कर रही मामले की जांच**

**छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी रही**

## शराब घोटाले में सौम्या को हाईकोर्ट से सशर्त जमानत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर



शराब घोटाला मामले में संलिप्तता के आरोप में अदालती कार्रवाई और जांच एजेंसियों के जांच का सामना कर रही सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से सशर्त जमानत मिल गई है। जमानत पर सुनवाई के दौरान ईडी व राज्य शासन की ओर से जवाब पेश करने के लिए 10 दिन की मोहलत मांगी गई थी। हाईकोर्ट ने ईडी और राज्य सरकार की इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर जस्टिस अरविंद वर्मा के सिंगल बेंच में सुनवाई चल रही थी। सुनवाई के दौरान ईडी व राज्य सरकार ने जवाब पेश करने के लिए 10 दिन का समय मांगा था। इस पर कोर्ट ने समय देने से साफतौर पर इंकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने तय वक्त पर सुनवाई करने का निर्देश जारी किया है। हाईकोर्ट ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह में निर्णय लेने का आदेश दिया है जवाब के लिए समय दिया गया तो यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा। हाईकोर्ट ने ईडी और राज्य शासन को मामले में 20 फरवरी से पहले जवाब देने के निर्देश दिया था। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी रही सौम्या चौरसिया को पहले कोयला घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। लंबे समय तक जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। अब ईडी और आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्लू ने आबकारी घोटाले में गिरफ्तार किया था।

### ये है प्रदेश का शराब घोटाला मामला

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। शराब घोटाला मामले में ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें 3200 करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। इस घोटाले में राजनेता, आबकारी विभाग के अधिकारी, कारोबारी सहित कई लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडीकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था। एजेंसी का दावा है कि चैतन्य बघेल इस सिंडीकेट के प्रमुख थे और करीब 1000 करोड़ रुपए का रकम उन्हें मिला है।

### दिल्ली में हथियार के बल पर 14 लाख लूटे

**नई दिल्ली।** मॉडल टाउन इलाके में तीन अज्ञात बदमाशों ने 22 वर्षीय दुकानदार से बंदूक और चाकू के बल पर 14 लाख रुपये लूट लिए। घटना के संबंध में शुक्रवार को मॉडल टाउन थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष से सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस को महेंद्रू एन्क्लेव निवासी शिकायतकर्ता कार्तिक ने बताया कि वह अपनी दुकान के अंदर फिल्म देख रहे थे।

## इंडसइंड बैंक ने नेक्स्ट जेन यूपीआई प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म को किया लाइव

एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम

इंडसइंड बैंक ने आज घोषणा की कि उसके डिजिटल बैंकिंग चैनल अब नेक्स्ट-जेन यूपीआई प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म पर लाइव हो गए हैं। यह कदम भारत के रियल-टाइम पेमेंट इकोसिस्टम में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है। यह नया प्लेटफॉर्म उन्नत गति, स्केलेबिलिटी और विश्वसनीयता को एक साथ जोड़ते हुए डिजिटल बैंकिंग में नया मानक स्थापित करता है और बैंक के लाखों ग्राहकों तथा देशभर के व्यापारियों को निर्बाध, उच्च-प्रदर्शन भुगतान अनुभव प्रदान करता है। यूपीआई 6.0 नाम से जाना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म माइंडगेट सॉल्यूशंस द्वारा विकसित छठी पीढ़ी का अपग्रेड है, जो हाइपर-स्केलेबल, क्लाउड-रेडी और मजबूत आर्किटेक्चर पर आधारित है तथा अत्याधुनिक रियल-टाइम पेमेंट स्टैक प्रदान करता है। इंडसइंड बैंक इस नेक्स्ट-जेन प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म पर क्लाउड के माध्यम से जारीकर्ता और अधिग्रहणकर्ता दोनों सेवाओं के लिए लाइव होने वाला पहला निजी बैंक बन गया है। इस अपग्रेड से रिकवरी टाइम में 30 प्रतिशत की तेजी आई है और वर्तमान इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ 75 प्रतिशत तक अधिक स्केलेबिलिटी क्षमता उपलब्ध हुई है। इंडसइंड बैंक में हमारा डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के प्रमुख लक्ष्य से प्रेरित है। अगली पीढ़ी का यूपीआई प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म हर लेनदेन में गति, मजबूती और भरोसा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

### बेंगलुरु में दम घुटने से तीन लोगों की मौत

**बेंगलुरु (भाषा)।** बेंगलुरु में शनिवार को पानी की टंकी की सफाई के दौरान संभवतः दम घुटने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। व्हाइटफील्ड डिवीजन के पुलिस उपायुक्त सैदुलु अदावथ के अनुसार, यह घटना व्हाइटफील्ड पुलिस थाने की सीमा में इम्मादिहल्ली टेंपल सर्किल के पास पंचमुखी अंजनेय मंदिर के पीछे हुई। उन्होंने बताया कि मकान मालिक मुनीशामप्पा (67) कुछ रसायनों की मदद से टंकी की सफाई के लिए उसके भीतर गया था लेकिन अंदर उसे सांस लेने में दिक्कत हुई और वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसकी स्थिति देखने टंकी के भीतर गए रुद्र कुमार (40) को भी सांस लेने में तकलीफ हुई और वह भी टंकी के भीतर ही गिर पड़ा। दोनों की मदद के लिए पहुंचा विश्वनाथ आचारी (24) भी टंकी में बेहोश हो गया। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीसीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में प्रतीत होता है कि बंद स्थान में जहरीली गैस के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। मामले की जांच जारी है।

### आरएसएस जातिवाद के खिलाफ एक आंदोलन है : इंद्रेश कुमार

**छत्रपति संभाजीनगर (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता इंद्रेश कुमार ने शनिवार को अपने संगठन को ''जाति उन्मूलन आंदोलन'' करार दिया। कुमार ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के बिडकिन क्षेत्र में आयोजित 'हिंदू सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय महिलाओं को परिवार के बच्चों में मूल्यों का प्रसार करना चाहिए ताकि वे गलत रास्ते पर न चलें। उन्होंने कहा, ''हम (हिंदू) किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हमारे धर्म पर भी हमला नहीं होना चाहिए।'' कुमार ने कहा, ''आरएसएस अस्पृश्यता अन्मूलन का आंदोलन है इसलिए लोगों को उम्मीद है कि भविष्य में 'राम-राज्य' स्थापित हो सकता है क्योंकि भगवान राम भी अस्पृश्यता से परे थे।'' आरएसएस नेता ने कहा कि भारत आज एक उभरती हुई शक्ति है और रूस सहित 32 देशों के साथ रुपये में व्यापार करता है। कुमार ने कहा, ''हमने ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की। हमने वहां किसी भी नागरिक को निशाना नहीं बनाया लेकिन पाकिस्तान ने लोगों, मंदिरों, एक दरगाह और ऐसे कई स्थानों पर हमला किया। हमने उनके आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया और अपनी भूमि और लोगों की रक्षा करने में सफल रहे।'' कुमार ने दावा किया कि हाल के दिनों में किसी के भी भूख से मरने की कोई खबर नहीं मिली है। अगर कोई भूखा मिलता है, तो ''हम उसके पास खाना लेकर दौड़ते हैं।

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट पशु विकास दिवस के माध्यम से सर्वोत्तम सेवा में अग्रणी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 14 फरवरी 2026 को अपनी प्रमुख पशु कल्याण एवं ग्रामीण आजीविका पहल, पशु विकास दिवस के आठवें संस्करण का सफल समापन किया। सर्वोत्तम सेवा, पशु, परिवार और प्रगति की थीम पर आधारित इस पहल ने पशुओं के स्वास्थ्य, परिवार के कल्याण एवं स्थायी प्रगति को बढ़ावा देकर समग्र ग्रामीण विकास के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाया। 2014 में लॉन्च किया गया पशु विकास दिवस पशु मालिकों को निःशुल्क वेटेरीनेरी सेवाएं और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उनकी स्वास्थ्यसेवा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करता है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 1.55 लाख से अधिक ज़िंदगियों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया है, जिसके तहत तकरीबन 1.4 लाख पशुओं का इलाज किया गया, 14,000 से अधिक लोगों को स्वास्थ्यसेवाओं में सहयोग दिया गया, इससे 30,000 से अधिक परिवारों को लाभ हुआ। इस पहल का संचालन 16 राज्यों में 510 एसएमएफजी ग्रामशक्ति शाखाओं में किया गया, जो ग्रामीण भारत में कंपनी की गहरी पहुंच को दर्शाता है। हरियाणा में पशु विकास दिवस का आयोजन 7 लोकेशनों में किया गया, जिसके तहत तकरीबन 2500 पशुओं को स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं मुहैया कराई गईं और लगभग 1100 परिवारों को लाभ हुआ। हर कैम्प में निःशुल्क जांच की, पशुओं के लिए मुफ्त दवाएं बांटी गईं।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## के.आर. मंगालम यूनिवर्सिटी में 'कलाउत्सव 2.0' का भव्य आयोजन

**नई दिल्ली।** के.आर. मंगालम यूनिवर्सिटी के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'कलाउत्सव 2.0' का आयोजन 26 एवं 27 फरवरी 2026 को यूनिवर्सिटी परिसर स्थित सनकन ग्राउंड में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह दो दिवसीय महोत्सव विश्वविद्यालय की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, रचनात्मक अभिव्यक्ति और युवा ऊर्जा का भव्य उत्सव रहा। कलाउत्सव 2.0 का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मकता एवं टीमवर्क के प्रदर्शन हेतु एक सशक्त और प्रेरणादायक मंच प्रदान करना था। इस आयोजन में के.आर. मंगालम यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला। द्वितीय दिवस (27 फरवरी 2026) का आयोजन विशेष रूप से ऊर्जा, संगीत और लय से परिपूर्ण रहा। इस दिन एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जहाँ प्रतिभागियों ने विभिन्न नृत्य शैलियों के माध्यम से भाव-प्रस्तुति, तालमेल और सृजनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संगीतमय माहौल को और अधिक जीवंत बनाते हुए एकल गायन तथा बहुप्रतीक्षित बैटल ऑफ बैंड्स का आयोजन किया गया। प्रतिभाशाली गायकों और बैंड्स ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से समूचे परिसर को उत्साह और तालियों की गूंज से भर दिया। महोत्सव का समापन एक रोमांचक इंटरनेशनल डीजे परफॉर्मेंस के साथ हुआ, जिसने सनकन ग्राउंड को एक ऊर्जावान डांस फ्लोर में परिवर्तित कर दिया। द्वितीय दिवस ने न केवल असाधारण प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि रचनात्मकता, सहयोग और उत्सव की भावना को भी सशक्त रूप से प्रतिबिंबित किया। इस प्रकार, कलाउत्सव 2.0 विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक अनुभव बनकर उभरा और विश्वविद्यालय की कला, संस्कृति एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ रूप से दर्शाता रहा।

### केन्या में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सांसद समेत छह लोगों की मौत

**नैरोबी (एपी)।** केन्या में शनिवार को खराब मौसम के बीच एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें यहां की एक सांसद सहित छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रमुख सैमुअल मुकूसी ने बताया कि हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद देश के पश्चिमी हिस्से में नांदी काउंटी के पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सांसद जोहाना न्गेनो समेत सभी छह लोगों की मौत हो गई। मुकूसी ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। केन्या के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने इस घटना पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-

क्रं./ 384/लो.क.वि./न.पा./2026 — कुम्हारी, दिनांक 25/02/2026


एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनु.ला. (लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 186317 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Kumhari, Chhattisgarh | 112.45 | 19.03.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुम्हारी

## शब्द पहेली - 6153




**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -6152 का हल**





अब सिम का होना अनिवार्य कर दिया

# व्हाट्सएप और अन्य मैसेजिंग एप्स को फोन के सक्रिय सिम से लिंक करना होगा

महीने की पहली तारीख अक्सर नीतिगत और प्रशासनिक परिवर्तनों के लिए अहम मानी जाती है, जिनका सीधा असर आम लोगों की दिनचर्या और जेब पर पड़ता है। इसके साथ ही लोगों को सुविधा भी मिलती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर बार की तरह इस महीने भी 1 मार्च से कई नियमों में बदलाव देखने को मिलेंगे। महीने की पहली तारीख अक्सर नीतिगत और प्रशासनिक परिवर्तनों के लिए अहम मानी जाती है, जिनका सीधा असर आम लोगों की दिनचर्या और जेब पर पड़ता है। मोबाइल यूजर्स के लिए नया नियम लागू होगा जिसके तहत वॉट्सएप और अन्य मैसेजिंग ऐप्स को उसी फोन के सक्रिय सिम से लिंक करना जरूरी होगा जिसमें एप चल रहा है। यानी जिस डिवाइस पर एप इस्तेमाल कर रहे हैं, उसमें संबंधित सिम का होना अनिवार्य होगा। साथ ही वेब या डेस्कटॉप लॉगिन के लिए छह घंटे का ऑटो लॉग-आउट नियम लागू किया जाएगा। 6 घंटे के बाद अब से वेब या डेस्कटॉप अपने आप लॉगआउट हो जाएगा। इसका उद्देश्य फर्जी नंबरों और साइबर अपराधों पर रोक लगाना है।

**आज से कई बदलाव देखने को मिलेंगे**

सिम से लेकर यूपीआई पेमेंट तक बदल जाएंगे नियम

फर्जी नंबरों और साइबर अपराधों पर रोक लगेगी



### रेलवे ने बंद किया पुराना एप

1 मार्च से रेलवे अपना पुराना यूटीएस एप बंद कर रहा है। इसके बाद यात्री इसका इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने के लिए अब यात्रियों को नए रेलवन एप का उपयोग करना होगा। इससे यात्रियों को नई प्रणाली अपनानी होगी। शुरुआत में तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं, लेकिन रेलवे का कहना है कि नया सिस्टम अधिक तेज, सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल होगा। इस नए एप में टिकट बुक करने पर आपको काफी छूट भी मिलेगी।

### एलपीजी की कीमतों में भी बदलाव संभव

हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी होती हैं। होली के त्योहार को देखते हुए लोगों को उम्मीद है कि इस बार कीमतों में राहत मिल सकती है, हालांकि अंतिम फैसला सरकार की घोषणा के बाद ही साफ होगा।

### न्यूनतम बैलेंस नियम में राहत

बैंकिंग से जुड़ा एक संभावित राहत भरा बदलाव भी सामने आ सकता है। कुछ सरकारी बैंक मिनिमम बैलेंस की गणना के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। पहले किसी एक दिन बैलेंस कम होने पर पेनल्टी लग जाती थी, लेकिन अब एवरेज मंथली बैलेंस के आधार पर शुल्क तय किया जा सकता है।

### यूपीआई पेमेंट में बढ़ेगी सुरक्षा




डिजिटल भुगतान को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए 1 मार्च से बड़े ऑनलाइन ट्रांजैक्शन पर सिर्फ यूपीआई पिन पर्याप्त नहीं होगा। बैंक उच्च राशि के लेनदेन के लिए अतिरिक्त सुरक्षा जैसे बायोमेट्रिक या मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर सकते हैं। बड़े अमाउंट के ट्रांजैक्शन पर अतिरिक्त वेरिफिकेशन लागू किया जा सकता है। केवल यूपीआई पिन के बजाय बायोमेट्रिक या अतिरिक्त ऑथेंटिकेशन की जरूरत पड़ सकती है। इसका मकसद ऑनलाइन फ्रॉड को कम करना और यूजर्स की सुरक्षा बढ़ाना है।

### किराए में सुरक्षा निधि पर भी परिवर्तन के आसार

किराए के नियमों में भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। नए या रिन्यू होने वाले रेंट एग्रीमेंट के लिए डिजिटल रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य किया जा सकता है। साथ ही सिक्योरिटी डिपॉजिट को अधिकतम दो महीने के किराए तक सीमित करने और मकान मालिक के प्रवेश से पहले पूर्व सूचना जैसे प्रावधानों पर जोर दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### यूपी में महिला जज के पिता का मर्डर

**मुरादाबाद।** यहां के नागफनी थाने के बंगला गांव चौराहे पर शुक्रवार को बुलंदशहर में एडिशनल



सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर तैनात आसमा सुल्ताना के पिता और शहर की मशहूर अलवीना बेकरी के संचालक मो. असद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड को मो. असद के हिस्ट्रीशीटर साले जफर ने अंजाम दिया है।

### शेट्टी फायरिंग मामले में अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन

**मुंबई।** फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई वाले घर पर फायरिंग मामले में जांच जारी है। इस मामले



में मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बड़े सुराग लग रहे हैं। मामले में क्राइम ब्रांच ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि शूटर्स को मोटी रकम दी गई थी। वारदात को अंजाम देने एटीएम के जरिए फंडिंग पड़ोसी देश नेपाल से हुई थी। इसके लिए मुंबई क्राइम ब्रांच जांच कर रही है।

### केजीएमयू के डॉक्टर के खिलाफ चार्जशीट पेश

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटीमें महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म, गर्भपात और मतांतरण



के मामले में चौक पुलिस ने मुख्य आरोपित डॉ. रमीजुद्दीन नायक, उसके मां-बाप व सहयोगी के खिलाफ 800पन्नों से अधिक की चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने 2पीड़िताओं के बयान शामिल किए हैं। उसके पास से 3 लैपटाप से 4हजार जीबी डाटा भी मिला है।

### राज्यसभा चुनाव से पहले एमवीए में 'तनातनी'


**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा सियासी संग्राम छिड़ गया है। राज्यसभा की सात सीटों में



से एक सीट और उसी एक सीट नेएमवीए की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस, राष्ट्रवादी (शरद गुट) और उद्धव सेना तीनों ही दल इस सीट पर दावा ठोक रहे हैं। कई दौर की बातचीत के बाद कोई फैसला नहीं हो पाया है अपितु घमासान बढ़ गया है।

### दुराचार का आरोप पुरुष पर, पालक पर नहीं होगा

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने हाल ही में एक महिला की याचिका खारिज कर दी। महिला ने



मांग की थी कि जिस व्यक्ति पर उसने शादी का झूठा वादा करके बलात्कार करने का आरोप लगाया है, उसके माता-पिता और दादी पर भी मुकदमा चलाया जाए। महिला का कहना था कि उस व्यक्ति के परिवार वालों पर भी केस चले, लेकिन कोर्ट ने नकार दिया।

पीएम मोदी ने अजमेर में किया एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

# सरकार सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध ये नारीशक्ति को सशक्त करने में होगा अहम



अभियान का लक्ष्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 साल की लगभग 1.15 करोड़ लड़कियों को टीका लगाना

**कार्यक्रम का लक्ष्य 1.15 करोड़ लड़कियों को टीका**

*इस अवसर पर 5 लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीका लगाया गया*



एचवीपी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ अजमेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर से सर्विकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 5 लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीका लगाया गया। इस अभियान का लक्ष्य हर साल सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 साल की लगभग 1.15 करोड़ लड़कियों को टीका लगाना है। टीका तय सरकारी हेल्थ सेंटर पर मुफ्त में दी जाएगी। एचपीवी टीकाकरण के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारंभ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। पीएम मोदी ने कहा कि अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत के साथ कई परियोजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और युवाओं को नियुक्ति पत्रों के वितरण का सौभाग्य मिला है।

### भाजपा सरकार में महिलाओं को संबल दिया जा रहा

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। ये अभियान देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि परिवार में जब मां बीमार होती है, तो घर बिखर सा जाता है। अगर मां स्वस्थ है, तो परिवार हर संकट का सामना करने में सक्षम रहता है। इसी भाव से भाजपा सरकार में महिलाओं को संबल देने वाली अनेक योजनाएं चलाई हैं।

### महिलाओं के लिए मिशन मोड में काम हो रहा

पीएम मोदी ने कहा कि हमने 2014 से पहले का वो दौर देखा है, जिसमें शौचालय के अभाव में बहनों-बेटियों को कितनी पीड़ा और अपमान झेलना पड़ता था। बच्चियां स्कूल छोड़ देती थी, क्योंकि वहां अलग टॉयलेट की सुविधा नहीं होती थी। पहले जो सत्ता में रहे, उनके लिए ये छोटी बातें थी, इसलिए इन समस्याओं की चर्चा तक नहीं होती थी। हमारे लिए ये बहन-बेटियों को बीमार करने वाला, उनके अपमान से जुड़ा संवेदनशील मसला था। इसलिए इनका मिशन मोड पर समाधान किया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान कुपोषण माताओं के जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा होता था।

### गुजरात में माइक्रोन टेक्नोलॉजी सेमीकंडक्टर असेंबली की शुरुआत

पीएम मोदी ने गुजरातके साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (एटीएमपी) संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने सभा को संबोधित किया। यह उद्घाटन भारत के सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि है। एटीएमपी संयंत्र से भारत में निर्मित पहले सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल का वाणिज्यिक उत्पादन और शिपमेंट शुरू हो गया है।

### दुनिया के सबसे बड़े संयंत्रों में से एक होगा

साणंद संयंत्र पूरी तरह से चालू हो जाने पर लगभग 5 लाख वर्ग फीट का क्लीनरूम क्षेत्र उपलब्ध होगा और यहां दुनिया के सबसे बड़े रेज़्ड-फ्लोर क्लीनरूम में से एक बन जाएगा। साणंद एटीएमपी संयंत्र माइक्रोन के वैश्विक विनिर्माण नेटवर्क से उन्नत डायनेमिक रैंडम एक्सेस मेमोरी (डीआरएएम) और नैंड सेमीकंडक्टर वेफर्स को तैयार मेमोरी और स्टोरेज उत्पादों में परिवर्तित करेगा।

### पीएम आज तमिलनाडु और पुडुचेरी में अहम परियोजनाएं शुरू करेंगे

प्रधानमंत्री रविवा को पुडुचेरी में 2,700 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर वे एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।इसके बाद वे मदुरै में दोपहर लगभग 3:00 बजे वे 4,400 करोड़ से अधिक की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

साइंस-डे पर बोले प्रधानमंत्री

## ज्ञान विज्ञान से जुड़े तो संकटों से मुक्ति पाना होगा आसान

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को नेशनल साइंस डे पर कहा कि जब ज्ञान विज्ञान के साथ जुड़ता है तो संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि जब ज्ञान विज्ञान के साथ जुड़ता है, तो जब ज्ञान और विज्ञान से हमारा परिचय होता है, तो संसार की सभी समस्याओं और संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। उन्होंने कहा कि समाधान का, विकास का और नवाचार का आधार विज्ञान ही है। पीएम ने कहा कि आज नेशनल साइंस डे सीवी रमन की रमन इफ़ेक्ट खोज को समर्पित है। यह कोज बड़ी अहम रही।



### विज्ञान का उपयोग लोगों की भलाई के लिए हो

प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि नेशनल साइंस डे पर हम रिसर्च, इनोवेशन और साइंटिफिक जिज्ञासा की भावना का जश्न मनाते हैं जो हमारे देश को आगे बढ़ाती है। यह दिन सर सीवी रमन की रमन इफ़ेक्ट की अहम खोज की याद में मनाया जाता है। इस खोज ने भारतीय रिसर्च को दुनिया भर में मजबूती से जगह दिलाई। हम अपने युवाओं को मजबूत बनाने पर काम कर रहे।

एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस पर हमला बोला

## हार से थक चुकी कांग्रेस अब देश को बदनाम करने में जुटी

अब तो वह मुस्लिम लीगी-माओवादी कांग्रेस बनी

प्रधानमंत्री ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेसके विरोध-प्रदर्शन पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। पूरे देश में हार रही कांग्रेस भारत को बदनाम करके ले रही है। कांग्रेस अब 'मुस्लिम लीगी-माओवादी कांग्रेस' बन गई।

### 'कभी वह इंडियन नेशनल कांग्रेस थी'

प्रधानमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा, 'कभी कांग्रेस इंडियन नेशनल कांग्रेस थी लेकिन अब आईएनसी नहीं बची है... इंडियन नेशनल कांग्रेस नहीं बची है... आज वो आईएनसी के बजाय एमएमसी बन गई है। एमएमसी यानी मुस्लिम लीग - माओवादी कांग्रेस हो चुकी है।

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का प्रकाशन किया शुरू

# बंगाल में एसआईआर के बाद नई वोटर लिस्ट में लाखों नाम हट गए

## बांकुरा में 1.35 लाख नाम हटने की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

निर्वाचन आयोग ने बंगाल में एसआईआर के बाद की मतदाता सूचियों को शनिवार को चरणबद्ध



तरीके से प्रकाशित करना शुरू कर दिया। बांकुरा जैसे कुछ जिलों में मतदाता सूची पोर्टल और मोबाइल एप पर उपलब्ध नहीं कराई गई है। हटाए गए नामों की संख्या के बारे में अब तक कोई स्पष्टता नहीं मिली है लेकिन कहा जा रहा बांकुरा से 1.35 लाख से अधिक नाम हटाए गए होंगे। प्रकाशन से 7.08 करोड़ मतदाताओं को 'स्वीकृत', 'हटाए गए'।

### 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ हुए वोटर

बंगाल में एसआईआर पूरा करने और अंतिम लेकिन अपूर्ण सूची प्रकाशित करने में 116 दिन लगे। मसौदा मतदाता सूची 16 दिसंबर को प्रकाशित हुई थी जिसके अनुसार मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गई है। मसौदा मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए थे, फिर अपील सुनी गई।

ममता का महिला सुरक्षा पर जोर

### कोलकाता में पिंक बूथ और शाइनिंग पेट्रोलिंग बनाने का किया ऐलान

बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने आगामी चुनाव से पहले महिलाओं की सुरक्षा मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने



कोलकाता पुलिस की दो नई पहलों की घोषणा की है। सीएम ने एक्स पर बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर ऑल-वुमन पिंक बूथ स्थापित किए जाएंगे, जो शाम से लेकर आधी रात तक संचालित रहेंगे। इन पर तैनात महिला पुलिसकर्मी सीधे तौर पर महिलाओं की सहायता और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई कर सकेंगी। इनके जरिए शहर की महिलाएं जरूरत पड़ने पर सीधे महिला अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगी।

### द्वारकाधीश में रंगों से सराबोर लोग



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में द्वारकाधीश मंदिर में शुक्रवार को होली के त्योहार से पहले लोग रंगों से जश्न मनाते हुए।

बरनाला में राहुल ने कांग्रेस नेताओं को दिया बड़ा अल्टीमेटम

# आप टीम वर्क का काम करें वरना रिजर्व में चले जाएंगे

एजेंसी ▶▶ बरनाला

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक किसान महाचौपाल को संबोधित करते हुए पंजाब के बरनाला से केंद्र की मोदी सरकार पर करारे हमले किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को टीम वर्क का मंत्र भी दिया।

राहुल ने कहा कि मैं कांग्रेस को भी एक संदेश देना चाहता हूं। काम टीम वर्क से होता है वरना रिजर्व में चले जाएंगे। उन्होंने केंद्र पर किसानों, छोटे उद्योगों की अनदेखी का आरोप लगाया। इतना ही नहीं राहुल ने सवाल किया कि आखिर ऐसा कौन सा दबाव था जिसके कारण प्रधानमंत्री ने देश के हितों के खिलाफ फैसले लिए। राहुल ने फिर पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की किताब को लेकर अपने दावे दोहराए।

### नहीं माने तो खरगे सबक सिखाएंगे



राहुल ने कहा कि मैं कांग्रेस को भी एक संदेश देना चाहता हूं। मैं आपको बता रहा हूं,आप चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, पार्टी से बड़ा कोई नहीं है। टीम के सदस्य बनिए। और अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो खरगे और मैं आपको सबक सिखाएंगे। हमारी असली ताकत हमारे कार्यकर्ता हैं। वे ही हमारी असली ताकत हैं।

### 4 महीने तक टालते रहे, 15 मिनट में कर दिया

राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऐसे फैसले लिए हैं जो किसानों के हितों के खिलाफ हैं। वे ऐसा काम मात्र 15 मिनट में कर दिया।

### समझौते पर हस्ताक्षर क्यों किए?

अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा कि ऐसा क्या दबाव था कि भारत के प्रधानमंत्री ने हमारे देश के लिए मृत्युदंड के फरमान पर हस्ताक्षर कर दिए?

### वित्त मंत्री को लिखा पत्र पूर्व सैनिकों को उनका सही हक दिया जाए

राहुल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लिए प्रयाप्त बजट का आवंटन और विकलांगत पेंशन पर आयकर की छूट को बहाल किया जाए। कांग्रेस नेता ने वित्त मंत्री को 25 फरवरी को यह पत्र लिखा यह उल्लेख किया कि पूर्व सैनिक इन दोनों मामलों के कारण मुश्किल का सामना कर रहे हैं।

जज के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

## हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी, यह 'दिनदहाड़े न्यायिक हत्या' जैसा

एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद की एक सिविल अदालत के जज के खिलाफ सख्त



टिप्पणी करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। यह मामला एक संपत्ति विवाद से जुड़ा था, जिसमें निचली अदालत ने एक किराएदार को उस संपत्ति पर कब्जा और मालिकाना हक दे दिया था। सुनवाई की अध्यक्षता न्यायमूर्ति संदीप जैन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निचली अदालत का यह फैसला गलत ही नहीं, बल्कि जान-बूझकर किया गया गंभीर न्यायिक कदाचार है। इस फैसले को 'दिनदहाड़े न्यायिक हत्या' बताया।

### अनुचित फायदा दिया गया

हाई कोर्ट ने बताया कि ट्रायल कोर्ट ने जान-बूझकर महत्वपूर्ण सबूतों को नजरअंदाज किया, जैसे उस महिला का मृत्यु प्रमाण पत्र, जिसके नाम पर संपत्ति थी। अदालत के अनुसार ऐसा करने का मकसद वादी (किराएदार) को अनुचित फायदा पहुंचाना था।



**बढ़ गया तनाव**

*इजराइल और अमेरिका की ओर से शनिवार को तेहरान पर किए गए हमलों के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ गया है। इस टकराव का असर खाड़ी देशों में भी देखा गया। बहरीन में अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट मुख्यालय को निशाना बनाने की आशंका के बाद सायरन बजाए गए।*

**इराक के साथ भी ऐसा ही किया था उसने, बगदाद में थे ही नहीं सामूहिक विनाश के हथियार**

# वार्ता बस बहाना था, ईरान पर अमेरिकी हमला तय था

***तेहरान परमाणु स्थलों का निरीक्षण करने के लिए निरीक्षकों, संभवतः अमेरिकियों को भी अनुमति देगा***

सेंट्रल डेस्क ▶▶ नई दिल्ली

ईरान एक साल से भी कम समय में दूसरी बार शनिवार को इजराइल के साथ युद्ध जैसी स्थिति में जागा। यह भी पिछले ढाई दशकों में कम से कम तीसरी बार है जब पश्चिम एशिया में किसी झड़प में शामिल होने के लिए अमेरिका आगे आया है। 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर आक्रमण इस दावे पर आधारित था कि सद्दाम हुसैन के पास सामूहिक विनाश के हथियार (डब्ल्यूएमडी) थे, हालांकि बाद में ऐसे कोई हथियार नहीं मिले। सूत्रों के अनुसार, इजराइल ने अमेरिका पर इराक पर हमला करने के लिए जोरदार दबाव डाला था, जबकि इजराइली खुफिया एजेंसियों को यह पता था कि इराक के पास अब डब्ल्यूएमडी बनाने की क्षमता नहीं रही थी। ईरान पर भी यह सैन्य हमला उस समय हुआ है जब इस सप्ताह की शुरुआत में जेनेवा में संपन्न हुई उच्च-स्तरीय परमाणु वार्ताओं में अमेरिकी और ईरानी अधिकारियों के बीच विश्वसनीय प्रगति हुई थी। दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता कर रहे ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने कहा कि मसौदा समझौते में ईरान की ओर से यह आश्वासन देने की इच्छा शामिल थी कि वह ऐसा परमाणु पदार्थ अपने पास नहीं रखेगा जिसका उपयोग बम बनाने में किया जा सके।

अलबुसैदी ने कहा कि यह प्रावधान पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के समय हुए पुराने समझौते में नहीं था और यह ईरान की ओर से एक बिल्कुल नई रियायत थी। इससे ईरान के खिलाफ संवर्धन (एनरिचमेंट) को लेकर दिया जाने वाला तर्क काफी हद तक कम प्रासंगिक हो जाता, क्योंकि शून्य भंडारण का प्रस्ताव सामने था। उन्होंने कहा कि संभावित प्रगति का एक हिस्सा यह था कि ईरान अपने मौजूदा समृद्ध (एनरिच्ड) परमाणु पदार्थ के भंडार को छोड़ने पर सहमत हो सकता है, जिसे डाउन-ब्लेंड कर सीमित संवर्धन के दायरे में रखा जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि तेहरान परमाणु स्थलों का निरीक्षण करने के लिए निरीक्षकों, संभवतः अमेरिकियों को भी अनुमति देगा।



**मध्य-पूर्व खतरनाक मोड़ पर, ईरान को कम आंकना होगी भूल**

**नई दिल्ली।** कई हफ्तों से बढ़ती धमकियों के बाद अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर व्यापक सैन्य हमले किए, जिनमें कई शहरों में सैन्य और रक्षा ठिकानों के साथ-साथ कुछ नागरिक बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाया गया। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को कारण बताते हुए एक साल से भी कम समय में यह उस पर दूसरा हमला है। यह अभियान मध्य पूर्व को टकराव के एक खतरनाक नए चरण में धकेल सकता है, जो क्षेत्र की भू-राजनीतिक स्थिति को काफी हद तक बदल सकता है। साथ ही यह तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर विवाद के कूटनीतिक और शांतिपूर्ण समाधान की संभावनाओं के लिए भी गंभीर झटका है, खासकर ऐसे समय में जब एक राजनयिक सफलता संभव दिख रही थी। कूटनीति के बजाय बल प्रयोग का निर्णय गहरे रणनीतिक, भू-राजनीतिक और कानूनी प्रश्न खड़े करता है।

## खामनेई को हटाने का ट्रंप का इरादा

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस अभियान को व्यापक और कठोर शब्दों में पेश करते हुए इसे ईरान के मिसाइल उद्योग को ध्वस्त करने, उसकी नौसैनिक शक्ति को कमजोर करने, क्षेत्रीय प्रॉक्सी नेटवर्क को खत्म करने और उसे स्थायी रूप से परमाणु हथियारों के रास्ते से रोकने की मुहिम बताया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इससे भी आगे बढ़ते हुए संकेत दे चुके हैं कि यह अभियान आयतुल्लाह खामनेई के नेतृत्व वाले शासन को हटाने में मदद कर सकता है और "साहसी ईरानी जनता को अपनी किस्मत खुद तय करने" की स्थिति बना सकता है। ट्रंप ने भी शासन परिवर्तन की ओर इशारा करते हुए ईरान के नेतृत्व को कट्टर तानाशाही बताया है, जिसे अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनने से रोका जाना चाहिए। उनका यह वादा कि वे ईरान के मिसाइल उद्योग को पूरी तरह जमीन में मिला देंगे इस अभियान के व्यापक दायरे को दर्शाता है।

## ईरान अमेरिकी बेस को निशाना बना कर दिखा चुका है ताकत



हालांकि, अमेरिका और इजराइल के लिए ईरान को कम आंकना एक रणनीतिक भूल होगी। तेहरान भले ही उनकी सैन्य क्षमता के मुकाबले कमजोर हो और जून के हमलों के बाद अधिक संवेदनशील स्थिति में हो, फिर भी उसके पास भारी नुकसान पहुंचाने की क्षमता मौजूद है। वह पहले ही अमेरिका की सैन्य मौजूदगी वाले कई खाड़ी देशों जैसे कतर, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन को निशाना बनाकर मिसाइल हमलों से जवाब देने की क्षमता दिखा चुका है और उसके पास अब भी सैकड़ों मिसाइलें हैं जो इजराइली क्षेत्र को निशाना बना सकती हैं। प्रतिशोध को व्यापक बनाने और नरक के द्वार खोलने की चेतावनी देकर तेहरान संकेत दे रहा है कि वह वाशिंगटन और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के लिए लागत बढ़ाने को तैयार है, ताकि बढ़ती अस्थिरता अमेरिका पर युद्ध रोकने का दबाव बना सके।

## ईरान को राहत से ट्रंप की कमजोरी दिखती है

डोनाल्ड ट्रंप के लिए समस्या यह थी कि ईरान को बड़े पैमाने पर प्रतिबंधों में राहत देना उनकी छवि के लिए कमजोरी के रूप में देखा जा सकता था, क्योंकि उन्होंने 2003 के इराक आक्रमण के बाद से पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य तैनाती का सबसे बड़ा विस्तार किया था, जबकि ईरान ने किसी भी हमले का बलपूर्वक जवाब देने की चेतावनी दी थी। ट्रंप वही नेता थे जिन्होंने ओबामा काल के समझौते को समाप्त किया था और लगभग एक दशक बाद उससे मिलता-जुलता समझौता फिर से स्वीकार करना किसी तरह की पराजय के रूप में देखा जा सकता था। पिछले दो दशकों से अधिक समय से अमेरिका और इजराइल ईरान पर गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित करने का आरोप लगाते रहे हैं, जिसे तेहरान बार-बार नकारता रहा है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है, हालांकि वह एकमात्र ऐसा गैर-परमाणु हथियार संपन्न देश है जिसके पास हथियार-स्तर के करीब तक समृद्ध यूरेनियम का भंडार है।

### ईरान प्रतिबंधों में ढील भर चाहता था

ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार ईरान के वार्ताकारों ने इस बात पर जोर दिया कि तेहरान को शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा का अधिकार है और उन्होंने अमेरिकी मांगों को खारिज कर दिया कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करे और लगभग 400 किलोग्राम समृद्ध यूरेनियम के अपने भंडार को देश से बाहर भेज दे। हालांकि माना जाता है कि नवीनतम वार्ताओं में ईरान ने कुछ रियायतें देने की पेशकश की थी, जैसा कि ओमान के विदेश मंत्री ने संकेत दिया, भले ही प्रस्ताव सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। रिपोर्टों के अनुसार एक विकल्प यह था कि तीन से पांच वर्ष के निलंबन के बाद अंतरराष्ट्रीय निगरानी में ईरान को न्यूनतम स्तर पर यूरेनियम संवर्धन की अनुमति दी जा सकती है। किसी समझौते के बदले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरानी टेलीविजन से कहा कि वार्ताकार उन प्रतिबंधों को हटाने की मांग कर रहे थे जिन्होंने ईरान की अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

### ईरान का परमाणु कार्यक्रम

न्यूयॉर्क स्थित थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के अनुसार, ईरान कम से कम 1957 से परमाणु कार्यक्रम पर काम करता रहा है, जिसमें समय-समय पर अलग-अलग स्तर की प्रगति हुई। 1980 के दशक के अंत में इराक के साथ युद्ध के दौरान अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान ने परमाणु हथियार विकसित करने का निर्णय लिया। इसके बाद 1990 के दशक में इस कार्यक्रम में मदद के लिए उसने चीन और रूस के साथ समझौते किए। 2002 की शुरुआत में ईरान के असंतुष्ट समूहों के संगठन ने दो ऐसे परमाणु स्थलों का खुलासा किया जो कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी से छिपाए गए थे। 2003 तक राजनयिकों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए गहन प्रयास शुरू किए। ईरान ने सहमति जताई, लेकिन केवल अपने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए सेंट्रीफ्यूज बनाए रखने पर जोर दिया। हालांकि, उसने पारदर्शी रिपोर्टिंग के अपने वादे को पूरी तरह लागू नहीं किया और गुप्त गतिविधियां जारी रखीं।

## अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध हैं हमले



ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के ये हमले, जून के हमले की तरह अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत स्पष्ट रूप से अवैध माने जा सकते हैं। ये संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का सीधा उल्लंघन हैं, जो किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग पर रोक लगाता है। कोई भी देश अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा का अधिकार विश्वसनीय रूप से लागू नहीं कर सकता, क्योंकि ईरान ने उन पर कोई सशस्त्र हमला नहीं किया था। न तो कोई तत्काल या आसन्न खतरा था जो अग्रिम आत्मरक्षा को उचित ठहरा सके और न ही तत्काल परमाणु खतरे का कोई ठोस प्रमाण था। इसलिए इन हमलों का चार्टर के ढांचे के तहत कोई वैध कानूनी आधार नहीं बनता।

## खामेनेई 1979 में सुप्रीम लीडर बने



**नई दिल्ली।** 86 वर्षीय खामेनेई 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर हैं। उन्होंने इस पद पर अयातुल्लाह रुहोल्लाह खामेनेई की जगह ली थी, जिन्होंने 1979 की इस्लामिक क्रांति के नेतृत्व किया था। उस क्रांति में अमेरिका समर्थित शाह मोहम्मद रेजा पहलवी की सत्ता खत्म हुई थी।

### सरकार, सेना व न्यायपालिका पर अंतिम अधिकार

सुप्रीम लीडर के तौर पर खामेनेई के पास सरकार, सेना और न्यायपालिका पर अंतिम अधिकार है। वह देश के आध्यात्मिक नेता भी हैं। उनके शासन में ईरान ने पश्चिमी देशों के साथ तनाव, कड़े प्रतिबंधों और देश के भीतर आर्थिक व अधिकारों को लेकर कई विरोध प्रदर्शनों का सामना किया है।

### दो प्रमुख सुरक्षा संस्थानों की ताकत ही बड़ा आधार

खामेनेई की ताकत का बड़ा आधार दो प्रमुख सुरक्षा संस्थान हैं- इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर्प्स (आईआरजीसी) और बासिज अर्धसैनिक बल। इन संगठनों में लाखों स्वयंसेवक जुड़े हुए हैं।

### ईरान का परमाणु कार्यक्रम बड़ा मुद्दा

खामेनेई का कहना है कि ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और उसका परमाणु कार्यक्रम केवल नागरिक उपयोग के लिए है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था को अब तक ऐसे सबूत नहीं मिले हैं कि ईरान परमाणु बम बना रहा है। हालांकि इजरायल और अमेरिका के कुछ नेता लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं।

# होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करके ईरान बढ़ा सकता है दुनिया की परेशानी

दिल्ली ▶▶ सेंट्रल डेस्क

मध्य पूर्व में स्थित एक संकीर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से केंद्र में आ गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों और उसकी जवाबी कार्रवाई ने वैश्विक स्तर पर हलचल पैदा कर दी है। मध्य पूर्व में बढ़ता यह तनाव कच्चे तेल की कीमतों के लिए चिंता का संकेत दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले दी गई चेतावनियों के बाद ईरान पर हमलों का आदेश दिया। ईरानी मीडिया ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में हमले हुए। इसके जवाब में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले यातायात को सीमित करने या बंद करने जैसे कदमों पर विचार कर सकता है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य क्या है

होर्मुज जलडमरूमध्य एक संकीर्ण समुद्री गलियारा है, जो फारस की खाड़ी के प्रवेश द्वार पर स्थित है। इसके उत्तर में ईरान और दक्षिण में संयुक्त अरब अमीरात तथा ओमान स्थित हैं। यह जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और हिंद महासागर के बीच मुख्य संपर्क मार्ग का काम करता है। यह लगभग 100 मील (161 किलोमीटर) लंबा है और अपने सबसे संकरे हिस्से पर करीब 21 मील चौड़ा हो जाता है। दोनों दिशाओं में नौवहन लेन केवल लगभग दो मील चौड़ी हैं। अपेक्षाकृत उथले पानी के कारण जहाज नौसैनिक बारूदी सुरंगों के प्रति संवेदनशील रहते हैं, और आसपास के तट-विशेषकर ईरान के तट-की निकटता से तटीय मिसाइलों, गश्ती नौकाओं और हेलीकॉप्टरों से जोखिम बढ़ जाता है।



### होर्मुज इतना महत्वपूर्ण क्यों है?

इसकी अहमियत का सीधा कारण यह है कि विश्व के समुद्री मार्ग से होने वाले तेल परिवहन का लगभग एक-चौथाई हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। मूल रूप से यह अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा व्यापार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण धुरी है, क्योंकि फारस की खाड़ी के अधिकांश निर्यातक देशों के पास समुद्री परिवहन के वैकल्पिक मार्ग सीमित हैं। विश्लेषण फर्म वॉर्टेक्सा के आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष औसतन प्रतिदिन 2 करोड़ बैरल से अधिक कच्चा तेल, कंडेनसेट और परिष्कृत ईंधन इस मार्ग से होकर गुजरा। ओपेक के सदस्य देश सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक एशियाई बाजारों तक तेल भेजने के लिए इस मार्ग पर काफी निर्भर हैं। विश्व के प्रमुख तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) निर्यातकों में से एक कतर भी लगभग अपनी पूरी आपूर्ति के लिए इसी मार्ग पर निर्भर है।

### होर्मुज के विकल्प क्या हैं?

कई प्रमुख तेल उत्पादक देश अपने निर्यात के लिए इस मार्ग पर अत्यधिक निर्भर हैं। सऊदी अरब इस मार्ग से सबसे अधिक तेल भेजता है, लेकिन उसके पास एक वैकल्पिक पाइपलाइन है जो देश के पार होकर लाल सागर के टर्मिनल तक जाती है और प्रतिदिन लगभग 50 लाख बैरल तेल परिवहन कर सकती है। संयुक्त अरब अमीरात के पास भी सीमित विकल्प हैं, जैसे हबशान-फुजैरा पाइपलाइन, जिसकी क्षमता लगभग 15 लाख बैरल प्रतिदिन है। इराक के पास तुर्की के रास्ते भूमध्यसागर तक जाने वाली पाइपलाइन है, लेकिन यह मुख्य रूप से उत्तरी क्षेत्रों के तेल को ही संभालती है, इसलिए उसका अधिकांश निर्यात अभी भी बसरा से समुद्री मार्ग द्वारा होकर और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है। कुवैत, कतर और बहरीन के पास कोई व्यावहारिक वैकल्पिक मार्ग नहीं है और उन्हें पूरी तरह इस जलमार्ग पर निर्भर रहना पड़ता है।

### तेल की कीमतें बढ़ेंगी

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि ईरान केवल एक दिन के लिए भी नाकाबंदी करता है तो तेल की कीमतें 120 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। तुलना के तौर पर ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत इस वर्ष 20 फरवरी तक लगभग 66 डॉलर प्रति बैरल रही थी। यदि ईरान मध्य पूर्व से चीन, यूरोप और अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों तक तेल और गैस ले जाने वाले बड़े टैंकरों को रोकने की कोशिश करता है, तो आपूर्ति बाधित होगी, कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर हो सकती है। तेल की कीमतें पहले ही सैन्य कार्रवाई की आशंकाओं के बीच फरवरी में छह महीने के उच्च स्तर तक पहुंच चुकी थीं।

### भारत पर क्या प्रभाव होगा

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 90% आयात करता है और प्राकृतिक गैस की खपत का भी बड़ा हिस्सा विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर है। हालांकि भारत ने अपने कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता लाने की कोशिश की है, फिर भी लगभग 40% तेल आयात मध्य पूर्व के देशों से आता है, जिनकी अधिकांश आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत रूस से तेल आयात में भी कुछ कमी कर चुका है। ऐसे में यदि होर्मुज मार्ग से आपूर्ति बाधित होती है, तो रूसी तेल आयात बढ़ाना भी आसान विकल्प नहीं होगा। इसलिए कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

**ईरान-इजराइल वॉर पर कई देशों की प्रतिक्रिया**

# दहशत का माहौल, सुरक्षित स्थानों पर बनाया ठिकाना

❍ यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि हालात खतरनाक हैं और नागरिकों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानून को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

❍ स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय ने सभी पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा करने की अपील की।

❍ मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि ये हमले मिडिल ईस्ट को संकट के कगार पर ला रहे हैं। अमेरिका और ईरान को बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए।

❍ स्लोवेनिया की राष्ट्रपति नताशा पिर्क मुसर ने कहा कि यह तनाव शांति और स्थिरता के लिए खतरा पैदा करता है।

❍ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि उनका देश अमेरिका के कदम का समर्थन करता है ताकि ईरान परमाणु हथियार न बना सके।





**ईरान में फंसे भारतीय छात्रों ने पीएम मोदी को लिखा पत्र**

# हमें नहीं पता कि अगले पल क्या होने वाला है...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद वहां मौजूद भारतीय छात्रों में दहशत का माहौल है. छात्रों के एक संगठन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जल्द से जल्द वहां से सुरक्षित निकालने की गुहार लगाई है। तेहरान में मौजूद एक भारतीय छात्रा ने मिसाइल हमलों से हो रहे जोरदार धमाकों के बीच बेहद घबराए हुए स्वर में एक वीडियो रिकॉर्ड किया। उसने कहा कि हालात बहुत खराब और अनिश्चित हैं। हमें नहीं पता कि अगले पल क्या होने वाला है। कृपया स्थिति के और बिगड़ने का इंतज़ार न करें। हम बस जल्द से जल्द यहां से निकाले जाने की विनती करते हैं। कृपया हमारी मदद करें और हमें यहां से सुरक्षित बाहर निकालें। जम्मू-कश्मीर की रहने वाली एक अन्य एमबीबीएस छात्रा, मेहक हुसैन ने बताया कि देश में सुबह से कई जगहों पर हुए धमाकों के बाद वे सभी भारी डर के साये में जी रहे हैं।

***तेहरान में मौजूद एक भारतीय छात्रा ने मिसाइल हमलों से हो रहे धमाकों के बीच बेहद घबराए हुए स्वर में वीडियो रिकॉर्ड किया***



**लाइव एयरस्ट्राइक के बीच बनाया वीडियो**

*तेहरान में मौजूद एक भारतीय छात्रा ने लाइव एयरस्ट्राइक के बीच वीडिये बनाते हुए अपनी आपबीती बयां की है। वीडियो में छात्रा के चेहरे पर साफ डर देखा जा सकता है क्योंकि आसमान में लगातार धमाके हो रहे हैं। छात्रा का कहना है कि तेहरान में स्थिति हर पल बद से बदतर होती जा रही है और अब वहां अनिश्चितता का माहौल है. छात्रा ने भारत सरकार और विदेश मंत्रालय से जल्द से जल्द सुरक्षित इवैक्युएशन की मांग की है. उनका कहना है कि हालात और ज्यादा खराब हों, उससे पहले उन्हें यहां से बाहर निकाल लिया जाए।*

### छात्रों में डर, नेट बंद परिजनों से संपर्क टूटने से बेचैन

ईरान की उर्मिया यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज की चौथी वर्ष की छात्रा ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि हमलों के कारण छात्रों में भारी डर और घबराहट फैल गई है। ईरान में इंटरनेट ठप होने के कारण, हमले की खबर मिलते ही माता-पिता अपने बच्चों की कुशलता जानने और उनसे संपर्क करने के लिए बेचैन हो उठे। श्रीनगर के रहने वाले हैदर, की बेटी ईरान में पढ़ाई करती है। उन्होंने बताया कि कल उनकी आखिरी बार बात हुई थी और तब से संपर्क पूरी तरह टूटा हुआ है। उनकी बेटी पिछले महीने ही भारत आई थी।

## जब ईरान ने 53 अमेरिकियों को बनाया था बंधक

**नई दिल्ली।** साल 1979 की एक घटना ने मध्यपूर्व ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति को झकझोर दिया था। 4 नवंबर 1979 को तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास पर धावा बोला दिया और 52 अमेरिकी राजनयिकों को बंधक बना लिया। यह संकट 444 दिनों तक चला। उस समय अमेरिका के लोग टीवी स्क्रीन पर दूतावास को घेरे भीड़ के दृश्य देखते रहे, लेकिन यह समझ नहीं पाए कि आखिर यह विस्फोटक स्थिति पैदा कैसे हुई। जानकार मानते हैं कि अमेरिका को इस तरह की प्रतिक्रिया की बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी। लेकिन इसकी जड़ें कई दशक पीछे तक फैली थीं।

❑ 1925 में ईरान में पहलवी वंश का शासन आया। पहले शासक रजा शाह अमेरिका व ब्रिटेन से प्रभावित थे। 1941 में उनके बेटे मोहम्मद रजा शाह सत्ता में आए। महिलाओं के बराबरी के हक को समझते थे।

❑ 1967 में पर्सनल लॉ में सुधार किया गया जिसमें महिलाओं को बराबरी के हक मिले।

❑ शियाओं के धार्मिक नेता आयतुल्लाह रुहोल्ला खोमैनी ने शाह की इन नीतियों का विरोध किया। 1978 में 20 लाख लोग शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया। 1979 में शाह रजा पहलवी को देश छोड़कर भागना पड़ा।

❑ शाह पहलवी का मिस्र में निधन हो गया लेकिन बंधकों की रिहाई टलती रही।

❑ 1979 का बंधक संकट राजनयिक घटना नहीं था, अमेरिका–ईरान संबंधों में गहरे अविश्वास, राजनीतिक हस्तक्षेप और जनभावनाओं के विस्फोट का परिणाम था।

### फरहान का शतक बेकार, न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया

# पाकिस्तान जीतकर भी टी-20 वर्ल्ड कप से हुआ बाहर, श्रीलंका को 5 रन से हराया

### पाक को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को 65 रन से हराना था

एजेंसी ▶▶ पाल्लेकल

कप्तान दासुन शनाका (नाबाद 76) की शानदार पारी श्रीलंका को पांच रन की करीबी हार से नहीं बचा सकी लेकिन पाकिस्तान को शनिवार को यहां टी-20 विश्व कप से बाहर कर दिया जिससे न्यूजीलैंड ग्रुप दो से शीर्ष पर काबिज इंग्लैंड के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गया। श्रीलंका को लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी ओवर में 24 रन चाहिए थे। श्रीलंकाई कप्तान शनाका ने शाहीन शाह अफरीदी (48 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर लगातार तीन छक्के और एक चौका मारे जिससे आखिरी गेंद पर छह रन की जरूरत थी। लेकिन शनाका ने आखिरी गेंद को यह सोचकर छोड़ दिया कि इसे वाइड कहा जाएगा जिसे मैदानी अंपायर ने वाइड करार नहीं दिया।

**शनाका ने नाबाद 76 रन की पारी खेली**

शनाका ने 31 गेंद की नाबाद पारी में आठ छक्के और दो चौके लगाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनके अलावा पवन रत्नायके ने 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेलीं। इससे श्रीलंका ने पाकिस्तान के आठ विकेट पर 212 रन के स्कोर के जवाब में सात विकेट पर 206 रन बनाए। पाकिस्तान को अंतिम चार में जगह बनाने के लिए न्यूजीलैंड (1.390) को नेट रन रेट से पीछे छोड़ने के लिए श्रीलंका को 147 रन के अंदर समेटना था।




**पाक-212/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फरहान का लियानागे बो मदुशंका | 100 |
| फखर जमां बो चामीरा | 84 |
| ख्वाजा का असालंका बो मदुशंका | 02 |
| शादाब खान रन आउट | 07 |
| नवाज का तीक्षणा बो शनाका | 00 |
| आगा का तीक्षणा बो शनाका | 00 |
| उस्मान खान नाबाद | 08 |
| शाहीन पगबाधा बो मदुशंका | 04 |
| नसीम शाह रन आउट | 01 |
| अबरार अहमद नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 06

कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर 212 रन

गेंदबाजी: दिलशान 4-0-33-3, दुष्मंता 4-0-48-1, महीश 4-0-35-0, शनाका 4-0-42-2, दुनिथ 3-0-37-0, जनिथ 1-0-14-0

**श्रीलंका-207/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पाथुम का नवाज बो नसीम | 03 |
| कामिल मिशारा बो अबरार | 26 |
| चरिथ असालंका बो अबरार | 25 |
| पवन का सब बो अफरीदी | 58 |
| कामिंदु मेंडिस बो अबरार | 03 |
| जनिथ लियानागे बो नवाज | 05 |
| दासुन शनाका नाबाद | 76 |
| दुनिथ वेलालगे नाबाद | 02 |

अतिरिक्त : 09

कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन

गेंदबाजी: शाहीन 4-0-48-1, शाह 4-0-36-1, अहमद 4-0-23-3, तारिक 4-0-43-0, नवाज 2-0-21-1, शादाब 2-0-33-0

## 'करो या मरो' के मुकाबले में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा भारत, गेंदबाजी में करना होगा प्रभावशाली प्रदर्शन

### आज शाम 7 बजे से ईडन गार्डन्स में रोमांचक मुकाबला



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा।

## 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' चुने गए मिचेल और मोस्टरी



एजेंसी ▶▶ दुबई

डेरिल मिचेल और सोभना मोस्टरी को जनवरी महीने के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' दिया गया है। मिचेल ने न्यूजीलैंड को भारत में वनडे सीरीज में जबरदस्त जीत दिलाई थी। वहीं, मोस्टरी ने आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया था।

**मिचेल ने सूर्यकुमार और रूट को पीछे छोड़ा**

मिचेल ने इस अवॉर्ड के लिए भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ दिया। मिचेल ने न्यूजीलैंड के भारत दौरे की 50 ओवर की सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने वनडे फॉर्मेट में अपनी टीम की सफलता दिलाने में अहम योगदान दिया। न्यूजीलैंड की टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज में 0-1 से पीछे थी, जिसके बाद मिचेल ने लगातार दो सेंचुरी लगाकर उस सीरीज को पलट दिया। मिचेल ने सीरीज के पहले मैच में 84 रन बनाने के बाद अगले दो मुकाबलों में 131* और 137 रन की पारी खेली थी। उनकी इस शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने सीरीज के अंतिम दो मुकाबले जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी।

**सोभना ने बनाए 145.85 के स्ट्राइक रेट से 229 रन**

दूसरी ओर, बांग्लादेश की सोभना मोस्टरी ने महिलाओं की श्रेणी में जनवरी माह का 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का अवॉर्ड अपने नाम किया। सोभना ने बांग्लादेश को ग्लोबल क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में बिना हारे रहने में मदद करने में अहम भूमिका निभाई। उस टूर्नामेंट के अपने पहले छह मैचों में मोस्टरी ने 45.80 की औसत और 145.85 के स्ट्राइक रेट से 229 रन बनाए। सोभना के साथ महिलाओं की श्रेणी में इस अवॉर्ड के लिए गैबी लुईस और तारा नॉरिस को नॉमिनेट किया गया था।

---

**खबर संक्षेप**



### सिंधू दुबई में फंसी, उड़ानों का संचालन निलंबित

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शनिवार को प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए जाते समय दुबई हवाईअड्डे पर फंस गईं क्योंकि मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया। यह टूर्नामेंट अगले मंगलवार से शुरू होना है। सिंधू ने इंस्टाग्राम पर एक भीड़भाड़ वाले हवाईअड्डे का वीडियो साझा करते हुए लिखा, ''सभी उड़ानें अगली सूचना तक निलंबित।''

### मुशफिकुर रहीम सऊदी अरब में फंसे

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ईरान पर अमेरिका के हमलों के कारण हवाई सेवाएं बाधित होने से उमराह यात्रा से लौटते समय जेद्दा में फंस गए। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर एक बड़ा हमला शुरू किया, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की जनता से 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। सैन्य हमलों के कारण खाड़ी क्षेत्र में हवाई सेवा बंद हो गयी है और अमीरात और एयर इंडिया सहित कई उड़ानें बाधित हुई हैं।



### खेल मेरे खून में रचा बसा है: ज्योति सिंह

**बेंगलुरु।** 21 वर्षीय ज्योति सिंह भारतीय हॉकी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने कहा कि खेल उनके खून में रचा बसा है। झांसी में जन्मी ज्योति ने महिला जूनियर विश्व कप में भारत की कप्तानी की और पिछले साल सीनियर टीम में भी पदार्पण किया, जिसमें उन्होंने प्रो लीग के चार मैचों में भाग लिया। इसमें विश्व में नंबर एक नीदरलैंड के खिलाफ जीत भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता अंतरराष्ट्रीय एथलीट थे। मैं उनके साथ मैदान में दौड़ने और बैडमिंटन खेलने जाया करती थी।'

## जम्मू-कश्मीर ने 67 साल में पहली बार जीती रणजी ट्रॉफी, 8 बार की चैंपियन कर्नाटक से छीना खिताब

### कर्नाटक के खिलाफ ड्रॉ रहे फाइनल में पहली पारी की बढ़त के आधार पर जीता जम्मू कश्मीर

एजेंसी ▶▶ हुबली

जम्मू कश्मीर ने अपने जोश और जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए शनिवार को कर्नाटक के खिलाफ ड्रॉ रहे फाइनल में पहली पारी की बढ़त के आधार पर पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीतकर 67 साल का इंतजार खत्म किया और अपना नाम इतिहास में दर्ज कर दिया। जम्मू कश्मीर ने यह शानदार जीत 8 बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ दर्ज की। उसने पांच दिन तक चले मुकाबले में शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और इस सत्र में अपने अभियान का शानदार अंत किया।




**जम्मू कश्मीर ने पहली पारी में बनाए थे 584 रन**

जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 584 रन बनाए थे, जिसके जवाब में कर्नाटक की टीम 293 रन ही बना पाई थी। इस तरह से जम्मू कश्मीर को 291 रन की बढ़त मिली और उसने कर्नाटक को फॉलोआन के लिए आमंत्रित करने की बजाय दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर ने जब अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 342 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच को ड्रॉ करने पर सहमत हो गए और जम्मू कश्मीर पहली बार चैंपियन बन गया। इस तरह से जम्मू कश्मीर में अपनी कुल बढ़त 633 रन कर दी थी।

**67 साल पहले राष्ट्रीय टूर्नामेंट में लिया था हिस्सा**

रणजी ट्रॉफी का इतिहास 92 साल पुराना है लेकिन जम्मू कश्मीर की टीम ने 67 साल पहले पहली बार इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एक समय उसे कमजोर टीम माना जाता था लेकिन अब उसने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प से खुद को मजबूत टीम साबित कर दिया। जम्मू-कश्मीर 2013-14, 2019-20 और 2024-25 के सत्र में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था, लेकिन लेकिन वह इससे आगे बढ़ने में नाकाम रहा था। लेकिन केएससीए स्टेडियम में पिछले पांच दिनों में किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि उसके खिलाड़ी पहली बार रणजी ट्रॉफी का फाइनल खेल रहे हैं।

## तीसरा महिला वनडे : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लीन स्वीप से बचने उतरेगी टीम इंडिया

### तीसरा वनडे आज : महिला टीम को करना होगा बल्लेबाजी की कमजोरी दूर

एजेंसी ▶▶ होबार्ट

पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा।

भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार



12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंदी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है।

**जेमिमा-दीप्ति का बल्ला खामोश**

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े।

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

## वॉल्व्स ने किया उलटफेर एस्टन विला को दी मात



एजेंसी ▶▶ वॉल्वरहैम्प्टन

जोआओ गोम्स ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के वर्तमान सत्र का अपना पहला गोल किया जबकि रोड्रिगो गोम्स ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागा, जिससे इस प्रतिष्ठित फुटबाल प्रतियोगिता के सबसे निचले पायदान की टीम वॉल्वरहैम्प्टन ने शानदार फॉर्म में चल रहे एस्टन विला को 2-0 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

लीग में यह उस क्लब की केवल दूसरी जीत है, जिसके 29 मैच में केवल 13 अंक हैं, जो अपनी करीबी टीम से छह अंकों से पिछड़ रही है। एक ऐसी टीम, जिसका निचली श्रेणी के टूर्नामेंट में खिसकना तय है। वॉल्व्स के प्रशंसक अपनी टीम की इस जीत से काफी खुश थे, जिससे एस्टन विला की चैंपियंस लीग में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। यह बर्मिंघम के इस क्लब के कोच के रूप में अपनी 100वीं जीत दर्ज करने की कोशिश कर रहे कोच उनाई एमरी के लिए भी करारा झटका है।

एस्टन विला अभी प्रीमियर लीग की तालिका में 28 मैच में 51 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। मैनचेस्टर यूनाइटेड (48 अंक), चेल्सी (45) और लिवरपूल (45) भी शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। आर्सेनल (61) और मैनचेस्टर सिटी (56) पहले दो स्थान पर हैं।

**11 अप्रैल तक मंगोलिया में चलेगा टूर्नामेंट**

## एशियाई मुक्केबाजी: भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी लवलीना और निकहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी।

भारत ने एक महीने तक चली गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था। चयन नीति के अनुसार एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए चुना जाएगा। इससे इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का महत्व बढ़ गया है।





**प्रीति, अरुंधति और प्रिया टीम में शामिल**

स्पेन में हाल ही में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली लवलीना (75 किग्रा) महिला टीम की अगुवाई करेंगी। स्पेन में स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्य खिलाड़ियों प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम में शामिल हैं। महिला वर्ग में अन्य खिलाड़ियों में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता निकहत ज़रीन (51 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक) को टीम में जगह दी गई है।



## डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई 2026 सीजन की धमाकेदार शुरुआत

**नई दिल्ली।** वर्ष 2026 सीजन के शुरुआती महीने ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई का आकार और मजबूती लगातार बढ़ रही है। टूर ने कुछ ही समय में नया रायपुर, दिल्ली और कोलकाता में तीन महत्वपूर्ण टूर्नामेंट आयोजित किए, और फिर 72वें लीग की घोषणा के साथ एक नया आयाम जोड़ा है। ये सभी घटनाक्रम दर्शाते हैं कि टूर न केवल अपनी पहुंच में, बल्कि अपने सार में भी विस्तार कर रहा है। इस प्रगति का एक प्रमुख मापदंड पुरस्कार राशि है। सीजन के शुरुआती घरेलू चरण में, डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ने 1.5 करोड़ रुपये के पुरस्कार राशि वाले तीन टूर्नामेंट आयोजित किए, जिससे कुल पुरस्कार राशि 4.5 करोड़ रुपये हो गई। यह भारतीय पेशेवर गोल्फ के वित्तीय पैमाने में एक महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। सीजन की शुरुआत नया रायपुर में 3 से 6 फरवरी तक आयोजित एसईसीएल छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप से हुई। यह आयोजन न केवल 1.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के कारण, बल्कि इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसे किसी पारंपरिक महानगर के बजाय एक उभरते हुए बाजार में आयोजित किया गया था।

### प्राग अंतरारष्ट्रीय शतरंज महोत्सव : मास्टर्स वर्ग का तीसरा दौर

## अरविंद ने खेला ड्रॉ, गुकेश को मिली फोरेस्ट से हार

एजेंसी ▶▶ प्राग

विश्व चैंपियन डी गुकेश को प्राग अंतरारष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अरविंद चिदंबरम ने ईरान के परहम मगसूदलू के साथ ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में लगे गुकेश ने वैन फोरेस्ट के खिलाफ शुरू से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।

वह मैच में किसी भी समय अपनी पकड़ नहीं बना पाए। फोरेस्ट ने सफेद मोहरों से खेलते हुए रूय लोपेज शैली का इस्तेमाल किया और टार्टाकोवर वेरिएशन में बिशप की जोड़ी के साथ शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। इससे भारतीय खिलाड़ी दबाव में आ गया और उन्हें अपना एक मोहरा गंवाना पड़ा। तकनीकी पेचीदगियां तो बनी रहीं, लेकिन तब तक फोरेस्ट जीत की स्थिति में नहीं दिख रहे थे। रानी के आदान-प्रदान के बाद गुकेश की स्थिति खराब हो गई और फोरेस्ट ने 48 चाल में जीत हासिल की।



**फोरेस्ट ने हासिल की फिर से संयुक्त बढ़त**

इस जीत से फोरेस्ट ने फिर से संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। वह इस प्रतियोगिता में एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिनके तीनों मैच को निर्णय निकला। फोरेस्ट के दो अंक हैं और वह उज़्बेकिस्तान की जोड़ी नोदिरबेक याकुबोए और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव तथा स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। दस खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे हैं इस टूर्नामेंट में अभी छह दौर का खेल होना बाकी है। गुकेश, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विन्सेंट कीमर, अमेरिका के हैंस मोके नीमन और मगसूदलू सातवें स्थान पर हैं। इन सभी ने अपने तीन मैचों में एक-एक अंक हासिल किया है।

**अरविंद ने अपने अंकों की संख्या पहुंचाई 1.5 तक पहुंचा**

प्रतियोगिता में भाग ले रहे दूसरे भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने मगसूदलू के साथ ड्रॉ खेला और अपने अंकों की संख्या 1.5 तक पहुंचा दी। स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो के भी इतने ही अंक हैं। चैलेंजर्स वर्ग में खेल रहे भारत के दोनों खिलाड़ियों दिव्या देशमुख और सूर्या शेखर गांगुली को हार का सामना करना पड़ा। महिला विश्व कप विजेता दिव्या चीन की जिनेर झू के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए हार गईं, जबकि गांगुली को चेक गणराज्य के जैचिम नेमेक ने हराया। गांगुली का पहले तीन दौर के बाद आधा अंक है, जबकि दिव्या का एक अंक है। चेक गणराज्य के फाइनक वाक्लाव 2.5 अंकों के साथ इस वर्ग में सबसे आगे हैं।




# नेतन्याहू बोले- ईरान का परमाणु हथियार हासिल करना मानवता के लिए 'खतरा'

◆ कई देशों ने जताई चिंता, हमले रोकने की अपील, कूटनीतिक समाधान की दी सलाह


◆ ब्रिटेन बोला- ईरान को कभी भी परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दें


ईरान की राजधानी तेहरान में धुंआ-धुंआ।

**यूएस-इजराइल का ईरान पर संयुक्त हमला**


ईरान के नागरिकों ने अमेरिका-इजराइल हमले के विरुद्ध सड़कों पर प्रदर्शन किया


हमले में घायल ईरानी नागरिक


इजराइल-अमेरिका हमले के दौरान ईरान और ईराक का एयरस्पेस बंद हुआ


ईरान के हमले के बाद इजराइल के नागरिक बंकर में


खामेनेई के घर पर हमले के बाद की सेटेलाइट इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में अचानक सैन्य तनाव बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इजराइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान ईरान से पैदा हुए अस्तित्व के खतरे को खत्म करने के लिए शुरू किया गया है। इस कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र में बड़े युद्ध की आशंका को तेज कर दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान के आतंकी शासन के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया है। ईरानी शासन लंबे समय से इजराइल और अमेरिका के खिलाफ हिंसक नारे और गतिविधियां चलाता रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा शासन परमाणु हथियार हासिल कर ले तो पूरी मानवता के लिए खतरा बन सकता है। नेतन्याहू ने मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के समर्थन को ऐतिहासिक बताया।

## भारत के लिए यह युद्ध केवल दो देशों की लड़ाई नहीं, बल्कि एक बड़ा आर्थिक संकट भी है

- ▶▶ ***अर्थव्यवस्था पर प्रभाव*** : *भारत अपनी तेल जरूरतों का 80% से अधिक आयात करता है। युद्ध के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमतें $100 प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। इससे भारत में पेट्रोल-डीजल महंगा होगा, जिससे महंगाई बढ़ेगी और भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर होगा।*
- ▶▶ ***कूटनीतिक संतुलन*** : *भारत के इजराइल और ईरान, दोनों के साथ गहरे संबंध हैं। इजराइल हमारा प्रमुख रक्षा भागीदार है, जबकि ईरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। भारत को एक बार फिर 'गुटनिरपेक्षता 2.0' का पालन करना होगा, जो काफी चुनौतीपूर्ण होगा।*
- ▶▶ ***चाबहार बंदरगाह*** : *भारत ने ईरान के चाबहार पोर्ट में भारी निवेश किया है ताकि मध्य एशिया तक पहुंच बनाई जा सके। युद्ध की स्थिति में यह प्रोजेक्ट ठप पड़ सकता है, जिससे भारत के व्यापारिक हितों को चोट पहुंचेगी।*
- ▶▶ ***भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा*** : *खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। यदि युद्ध फैलता है, तो उनकी सुरक्षा और वहां से आने वाले रेमिटेंस (विदेशी मुद्रा) पर संकट खड़ा हो जाएगा।*

## इजराइल ने जानबूझकर हमला किया: नॉर्वे



नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ने कहा कि इजराइल के हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं हैं। इजराइल इसे एहतियात के तौर पर किया गया हमला बता रहा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत एहतियात के तौर पर हमले तभी सही माने जाते हैं, जब खतरा तुरंत और स्पष्ट रूप से सामने हो।

### हम ईरान के साथ: पाकिस्तान



पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने ईरान पर हुए हमलों की आलोचना की। उन्होंने तनाव को तुरंत रोकने और संकट के शांतिपूर्ण, बातचीत के जरिये समाधान के लिए दोबारा कूटनीति शुरू करने की अपील की और कहा कि पाकिस्तान का पूरा समर्थन ईरान के साथ है।

## अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई एकतरफा: स्पेन



स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है। सांचेज ने कहा कि ऐसी कार्रवाई वैश्विक व्यवस्था को और अस्थिर तथा टकरावपूर्ण बना सकती है। हालांकि उन्होंने ईरान सरकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड की गतिविधियों को भी स्वीकार्य नहीं बताया। स्पेन ने सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और अंतरराष्ट्रीय कानून का पूरी तरह सम्मान करने की मांग की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल कूटनीतिक बातचीत और शांतिपूर्ण रास्ते से ही संभव है।

## कार्रवाई क्षेत्रीय संघर्ष में न बदले: ब्रिटेन




ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारर्मर ने कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और इसीलिए हमने बातचीत के जरिए समाधान तक पहुंचने के प्रयासों का लगातार समर्थन किया है। हम नहीं चाहते कि यह मामला और बढ़कर एक व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष में तब्दील हो जाए। ब्रिटेन ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों में भाग नहीं लिया। हमारी तत्काल प्राथमिकता इस क्षेत्र में मौजूद ब्रिटेन के नागरिकों की सुरक्षा है, जिन्हें चौबीसों घंटे सातों दिन राजनयिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## ईरान के साथ बातचीत बहाना था: रूस



रूस ने अमेरिका और इजराइल से ईरान में तुरंत हमले रोकने की अपील की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्हें मौजूदा स्थिति से राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटना चाहिए। रूस पहले की तरह अंतरराष्ट्रीय कानून, आपसी सम्मान और हितों के संतुलन के आधार पर शांतिपूर्ण समाधान खोजने के प्रयासों में सहयोग देने के लिए तैयार है। रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने अमेरिका पर तंज कसते हुए कहा कि शांति दूत फिर सक्रिय हो गया है। ईरान के साथ बातचीत सिर्फ एक बहाना था। यह सबको पता था।

## सभी पक्षों से संयम की अपील: ईयू



यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है। सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मौजूद अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### *मध्यस्थता के लिए तैयार: इंडोनेशिया*



*इंडोनेशिया के विदेश मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो वॉशिंगटन और तेहरान के बीच संवाद कराने के लिए तैयार हैं। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत विफल होने से पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ा है, जिस पर इंडोनेशिया को बेहद अफसोस है। इंडोनेशिया ने सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद व कूटनीति को प्राथमिकता देने की अपील की है।*

### *समाधान नहीं निकला दु:खद: बेल्जियम*



*बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि यह बेहद अफसोस की बात है कि कूटनीतिक प्रयास पहले किसी बातचीत से समाधान तक नहीं पहुंच पाए।*

### ईरान के समाचार माध्यमों पर साइबर हमला



ईरान पर अमेरिकी और इजराइली मिलिट्री हमलों के बाद ईरान की कई सरकारी न्यूज एजेंसियों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर साइबर हमले हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मिलिट्री कार्रवाई में बढ़ोतरी के साथ-साथ साइबर ऑपरेशन की एक 'बड़ी लहर' शुरू हो गई है, जिसमें कई बड़े घरेलू मीडिया प्लेटफॉर्म पर रुकावट या ऑपरेशनल दिक्कतें आ रही हैं। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए और सेमी ऑफिशियल आईएसएनए न्यूज एजेंसी की वेबसाइटें उन आउटलेट्स में शामिल थीं जिन्हें कथित तौर पर हैक कर लिया गया या उन्हें एक्सेस में दिक्कतें आ रही थीं।

### कांग्रेस 'कायरों की सेना': भाटिया



भाजपा ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने के मामले में पीएम नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के लिए कांग्रेस की कड़ी आलोचना की। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस 'नंगई' पर उतर आई है। यह कायरों की सेना है। किसी भी संवेदनशील घटनाक्रम पर नकारात्मक टिप्पणी करना कांग्रेस का स्वभाव बन गया है। उसे मौजूदा स्थिति के बीच 'बचकाना बयान' देने से बचना चाहिए और मोदी सरकार पर भरोसा रखना चाहिए।

### भारतीय नागरिकों की सुरक्षा करे केंद्र: राहुल



लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती शत्रुता बेहद चिंताजनक है। पूरे पश्चिम एशिया में प्रत्येक भारतीय नागरिक की सुरक्षा और संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मैं भारत सरकार से हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाने का आग्रह करता हूं।

### क्या पीएम इस युद्द के समर्थन में: पवन खेड़ा



कांग्रेस पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि पीएम मोदी के दोस्त बेंजामिन नेतन्याहू ने अब भारत के पुराने दोस्त ईरान पर हमला बोल दिया है। यह पीएम मोदी के इजराइल दौरे से लौटने के बमुश्किल दो दिन बाद हुआ है। पीएम ने अपनी इजराइल यात्रा का उपयोग इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए क्यों नहीं किया? या क्या वह इस युद्ध का समर्थन करते हैं।

---

## खबर संक्षेप

### पटरी से उतरी ट्राम, 2 की मौत, 38 घायल



**मिलान।** इटली के मिलान शहर में बेपटरी होने के बाद ट्राम एक इमारत से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। शहर के मेयर ग्यूसेप्पे सला ने बताया कि मृतकों में से एक व्यक्ति ट्राम के पटरी से उतरने के दौरान उसकी चपेट में आ गया, जबकि दूसरा पीड़ित एक यात्री था।

### पंजाब में आतंकी गिरोह का भंडाफोड़, 2 अरेस्ट



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि उसने विदेश स्थित एक आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ आरडीएक्स से भरा और पूरी तरह से तैयार एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है। पुलिस ने लगभग 2.5 किलो वजनी आरडीएक्स से भरा आईईडी जब्त किया।

अफगानिस्तान का दावा

## जलालाबाद में मार गिराया पाक लड़ाकू विमान, पायलट को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ काबुल



पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अफगान सैन्य और पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान शनिवार को जलालाबाद के एक जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने एएफपी को बताया कि पायलट ने विमान से पैराशूट की मदद से छलांग लगाई और फिर उसे हिरासत में ले लिया गया।पूर्वी अफगानिस्तान में सेना के प्रवक्ता वाहिदुल्ला मोहम्मदी ने भी इस बात की पुष्टि की है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने दावा किया कि सुरक्षा बलों ने 297 लड़ाकों को मार गिराया।

किम जोंग ने दी चेतावनी

## हमारी सुरक्षा को खतरा हुआ तो साउथ कोरिया को पूरी तरह कर देंगे तबाह

एजेंसी ▶▶ सिओल



नॉर्थ कोरिया के शासक किम जोंग-उन ने साउथ कोरिया को कड़ी चेतावनी दी है। किम ने कहा है कि उनके देश की सुरक्षा को खतरा हुआ तो वे साउथ कोरिया को 'पूरी तरह नष्ट' कर सकते हैं। प्योंगयांग में सात दिन चली वर्कर्स पार्टी कांग्रेस के समापन पर किम ने अगले पांच वर्षों के लिए परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेज करने का खाका पेश किया। उन्होंने पानी के भीतर से दागे जा सकने वाले इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल, सामरिक परमाणु हथियारों के विस्तार, परमाणु-संचालित पनडुब्बी, एआई-युक्त ड्रोन और उन्नत उपग्रह विकसित करने की बात कही।

एएआईबी ने बारामती विमान दुर्घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की

## वीएफआर उड़ानें के संचालन पर मानकों के पालन के लिए दिए आवश्यक निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने बारामती विमान दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में शनिवार को सिफारिश की कि विमानन नियामक डीजीसीए अनियमित हवाईअड्डों पर वीएफआर उड़ानें संचालित करने वाले सभी संचालकों को निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर सकता है। जनवरी में बारामती के पास वीएसआर वेंचर के लेयरजेट विमान दुर्घटना में अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी।

### सभी पहलुओं की जांच करेंगे



इस दुर्घटना पर अपनी 22 पृष्ठ की प्रारंभिक रिपोर्ट में एएआईबी ने कहा कि तथ्यों और दुर्घटना के मूल कारणों वाले कारकों को सामने लाने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। अब तक प्राप्त अंतरिम निष्कर्षों को देखते हुए, विमानन सुरक्षा को बढ़ाने के लिए तत्काल आवश्यक निवारक कार्रवाई करने के लिये निम्नलिखित अंतरिम सुरक्षा सिफारिशें जारी करना आवश्यक समझा जाता है।

ईरान-अमेरिका तनाव के बीच ट्रंप का क्यूबा को लेकर बड़ा बयान

## आर्थिक तंगी से जूझ रहा, जल्द फ्रेंडली टेकओवर कर सकते हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि क्यूबा सरकार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है और अमेरिका से बातचीत कर रही है। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका क्यूबा का 'फ्रेंडली टेकओवर' कर सकता है,

जिससे क्यूबन-अमेरिकियों को लाभ हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि क्यूबा सरकार हमसे बात कर रही है। वे बड़ी मुसीबत में हैं। उनके पास पैसा नहीं है, उनके पास कुछ भी नहीं है। लेकिन वे हमसे बातचीत कर रहे हैं और हो सकता है कि हमारा क्यूबा पर फ्रेंडली टेकओवर हो जाए।

**टेकओवर से क्यूबन अमेरिकियों को लाभ होगा**



### हम बातचीत कर रहे, परिणाम सकारात्मक

ट्रंप ने कहा कि संभावित कदम अमेरिका में रहने वाले उन क्यूबाई मूल के लोगों के लिए सकारात्मक हो सकता है, जो दशकों पहले क्यूबा छोड़कर आए थे। उनके मुताबिक, ऐसे कई लोग क्यूबा लौटना चाहते हैं और मौजूदा बातचीत से संतुष्ट हैं। अमेरिका और क्यूबा के संबंध दशकों से राजनीतिक तनाव और आर्थिक प्रतिबंधों के कारण जटिल रहे हैं।

### *ट्रंप के निर्देश, संघीय एजेंसियां एंथ्रोपिक तकनीक से बनाएं दूरी*

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह सभी संघीय एजेंसियों को तुरंत एआई डेवलपर एंथ्रोपिक की तकनीक का इस्तेमाल बंद करने का निर्देश देंगे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि हमें इनकी जरूरत नहीं है, हम इनके साथ काम नहीं करना चाहते और हम इनके साथ फिर से काम नहीं करेंगे। बता दें, एंथ्रोपिक का व्हाइट हाउस के साथ विवाद चल रहा है। कंपनी ने अमेरिकी सेना को अपने एआई टूल्स तक बिना किसी रोक-टोक के पहुंच देने की मांग को मानने से इनकार कर दिया था। इसके बाद अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि उन्होंने एंथ्रोपिक को 'सप्लाई चेन के लिए जोखिम' माना है। यह दर्जा मिलने पर एंथ्रोपिक ऐसी पहली अमेरिकी कंपनी बन जाएगी, जिसे सार्वजनिक रूप से इस तरह का लेबल दिया जाएगा।*

भारत-ईयू संबंधों पर 2026 की पहली बैठक

## व्यापार, टेक्नोलॉजी, सुरक्षा और सहित कई क्षेत्रों में किया विमर्श

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वर्ष 2026 की भारत-यूरोपीय यूनियन संबंधों पर पहली परामर्श समिति की बैठक आयोजित की। इस बैठक में भारत-ईयू के मजबूत होते सहयोग और विभिन्न क्षेत्रों में आपकी लाभकारी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी की मजबूत गति और व्यापार, टेक्नोलॉजी, सुरक्षा और गतिशीलता सहित विभिन्न क्षेत्रों में इसके पारस्परिक लाभकारी पहलुओं पर चर्चा की गई।



### 'मदर ऑफ ऑल डील्स'

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हाल में ही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' हुआ है। यह व्यापार समझौता हाल ही में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और भारत के पीएम मोदी द्वारा घोषित किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28